वर्ष : 03
अंक : 19
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये

वाराणसी, शुक्रवार, 10 मई, 2024

लोकतंत्र की निष्पक्ष आवाज

# परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2023/84879

4 पहले आम चुनाव में बलिया...
mail : pdnewsvns@gmail.com e-paper:www.parivartandoot.com
रियल मैड्रिड यूईएफए चैंपियन... 7

# भारत का संविधान बदलना मतलब देश की आत्मा पर आक्रमण-राहुल

## बोले- पीएम के हाथ से फिसल रहा लोकसभा चुनाव

**नयी दिल्ली।** हैदराबाद के सरूरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ने एक जनसभा में कहा, भाजपा- आरएसएस ने साफ कह दिया है कि अगर वे चुनाव जीतेंगे तो हिंदुस्तान के संविधान को बदल डालेंगे। उसे रद्द कर देंगे। बकौल राहुल गांधी, हिंदुस्तान का संविधान हिंदुस्तान के गरीब लोगों को अधिकार देता है। भाजपा के नेता जब संविधान को बदलने, उसे रद्द करने की बात करते हैं तो सिर्फ गरीब जनता पर नहीं बल्कि देश की आत्मा पर आक्रमण करते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दावा है कि लोकसभा चुनाव 2024 धीरे-धीरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ से फिसलता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर पीएम मोदी देश के युवाओं का ध्यान भटकाने के लिए कुछ नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक्स पर शेयर एक वीडियो संदेश में राहुल युवाओं से मुखातिब हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने



का आग्रह कर कहा, युवा देश की असली ताकत हैं। इस लोकसभा चुनाव के बाद पीएम मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला लिया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान पीएम मोदी ने अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी को बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रक्षा अनुबंधों जैसी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं सौंपीं। राहुल ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में सिर्फ 20-22 लोगों के लिए काम किया और उन्हें अरबपति बना दिया। बकौल राहुल गांधी, पीएम मोदी ने आरक्षण खत्म करने के लिए कई सरकारी कंपनियों का निजीकरण कर दिया। उन्होंने कहा, बीजेपी आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ाना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो पूरे देश में जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी। कुछ भाजपा नेताओं की टिप्पणियों की तरफ इशारा करते हुए राहुल ने कहा, भाजपा देश का संविधान बदलना चाहती है, लेकिन कोई भी ताकत ऐसा नहीं कर सकती। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर झूठे प्रचार करने का आरोप लगाया है।

## भूपिंदर सिंह हुड्डा ने राज्यपाल से मांगा मिलने का समय

**चंडीगढ़।** मंगलवार को तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने से विपक्ष के दावे तेज हो गए हैं कि नायब सिंह सैनी सरकार अब राज्य विधानसभा के भीतर 'अल्पमत' में है। इन दावों के बावजूद, मुख्यमंत्री सैनी ने कहा था कि उनकी सरकार स्थिर रहेगी। हरियाणा में बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच, कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को तीन स्वतंत्र विधायकों द्वारा भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद राज्य के राज्यपाल से मिलने का समय मांगा। राज्यपाल के कार्यालय को संबोधित एक पत्र में, कांग्रेस ने शुक्रवार को राज्यपाल से मुलाकात की मांग की। डिप्टी सीएलपी नेता आफताब अहमद और बीबी बत्रा, मुख्य सचेतक सीएलपी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं के साथ राज्य में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए समय मांगा। मंगलवार को तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने से विपक्ष के दावे तेज हो गए हैं कि नायब सिंह सैनी सरकार अब राज्य विधानसभा के भीतर 'अल्पमत' में है।

## पीएम मोदी-राहुल को पब्लिक डिबेट की चुनौती

### पत्र में लिखा- जनता सार्थक जवाब चाहती है

**नई दिल्ली।** पूर्व जज मदन बी लोकुर, एपी शाह और पत्रकार एन राम ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा चुनावों को लेकर पब्लिक डिबेट की चुनौती दी है। इन्होंने मोदी और राहुल के नाम एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि पब्लिक इस बात से चिंतित है कि दोनों तरफ से सिर्फ आरोप और चुनौतियां ही सुनने को मिली हैं, कोई सार्थक जवाब अब तक नहीं मिला है। मदन बी लोकुर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज, एपी शाह दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस, जबकि एन राम वरिष्ठ पत्रकार और द हिंदू के पूर्व एडिटर-इन-चीफ हैं। इन्होंने अपने पत्र में कहा है कि लोकतांत्रिक देश होने के नाते हमारे चुनावों पर दुनिया की नजर है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को गैर-पार्टी और गैर-व्यावसायिक प्लेटफॉर्म पर डिबेट करना चाहिए।

हम भारत के नागरिक होने के नाते आपको ये पत्र लिख रहे हैं। हमने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियां निभाई हैं। हम आपके साथ एक प्रस्ताव रख रहे हैं, जो हमें लगता है किसी पार्टी के प्रति पक्षपात नहीं करता है और जो सभी नागरिकों के हित में है।18वीं लोकसभा के लिए लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया आधी हो गई है। रैलियां और भाषणों में सत्ताधारी पार्टी भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस दोनों ने ही हमारे संवैधानिक लोकतंत्र से जुड़े अहम सवाल पूछे हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने सबके सामने कांग्रेस को आरक्षण, आर्टिकल 370 और संपत्ति के बंटवारे पर घेरा है। वहीं, कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी से संविधान, इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम, चीन के अतिक्रमण पर सवाल पूछे हैं और उन्हें पब्लिक डिबट के लिए भी चैलेंज किया है।

हमें लगता है कि अगर एक गैर-पार्टी और गैर-कॉमर्शियल प्लेटफॉर्म पर पब्लिक डिबेट के जरिए जनता सीधे तौर पर हमारे नेताओं का पक्ष सुनेगी तो इससे जनता को फायदा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आनन्द शर्मा ने कांगड़ा-चम्बा से भरा पर्चा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन गुरुवार को कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा ने कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित कृषि मंत्री चंद्र कुमार सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। हालांकि इस दौरान सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी पहुंचना था लेकिन मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के नामांकन के चलते वह देरी से धर्मशाला पहुंचे।

### मानसिक संतुलन खो चुके हैं उद्धव ठाकरे- फडणवीस

**मुंबई।** अपने पूर्व सहयोगी की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। एक दिन पहले एक चुनावी रैली में ठाकरे ने फडणवीस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को दिल्ली का इशारा मिलने पर बोलने वाले व्यक्ति बताया। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, उद्धव ठाकरे अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्हें इलाज की जरूरत है। वह इस तरह की बातें इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें चुनाव में हार साफ नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा कि लोगों ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख को नकार दिया है, इसलिए वह अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### पटना बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस में लगी आग

**पटना।** जिले मेन बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज ऑफिस में गुरुवार को अचानक आग लग गई। जिस वक्त आग लगी कर्मचारी ऑफिस के अंदर ही मौजूद थे। आग की सूचना मिलते ही सभी आनन-फानन में बिल्डिंग से बाहर निकले। जानकारी के मुताबिक शॉर्ट सर्किट से ग्राउंड फ्लोर पर भीषण आग लगी है। मौके पर फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीम मौजूद है। आग बुझाने की कोशिश जारी है। आग लगने से कैंपस में अफरातफरी का माहौल बन गया है। मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट और दमकल कर्मी मौजूद हैं। लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

### दुष्कर्म के बाद छात्रा को ट्रेन के आगे फेंका

**बरेली।** जिले में दो युवकों ने गैंगरेप के बाद 15 साल की लड़की को ट्रेन के सामने फेंक दिया। लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शरीर दो हिस्सों में बट गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने ट्रैक पर लड़की का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर भीड़ लग गई। छात्रा की पहचान के बाद घर वालों को सूचना दी गई। घर वाले मौके पर पहुंचे। उनका आरोप है कि दो युवकों ने धार्मिक स्थल पर ले जाकर बेटी का धर्म परिवर्तन कराया। इसके बाद उसके साथ रेप किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। वारदात की जानकारी होते ही हिंदूवादी संगठन के लोग फतेहगंज पूर्वी थाने पहुंचे गए। कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

## रामसेवकपुरम में आग से लाखों का नुकसान

**अयोध्या।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्र रामसेवकपुरम में गुरुवार को आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। इसको लेकर विहिप ने नाराजगी जताई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। विहिप के प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि घटना दोपहर दो बजे की है। रामसेवकपुरम में विहिप धर्मशाला का निर्माण करा रही है, जिसमें 75 से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। इन मजदूरों के लिए रामसेवकपुरम में अस्थायी भवन (पीवीसी ब्लॉक) बनाया गया था, जिसमें आग लग गई। मजदूरों के कपड़े, बर्तन, अनाज आदि सामान जलकर राख हो गए। लाखों का



नुकसान हुआ है। पहले फायर बिग्रेड का छोटा वाहन भेजा गया जो आग बुझाने में नाकाफी साबित हो रहा था। इसे देखते हुए विहिप के कार्यकताओं ने मोर्चा संभाला। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब आग बुझा ली गई, तब फायर बिग्रेड की दो बड़ी गाड़ियां पहुंचीं। अतिसंवेदनशील अयोध्यानगरी में अग्निशमन विभाग की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने के स्थान से कुछ ही दूरी पर रामलला की दो अन्य मूर्तियां भी रखी हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## चिरंजीवी-वैजयंती माला को पद्म विभूषण

### चिनप्पा को मिला पद्मश्री

**नयी दिल्ली।** भारत के राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दक्षिण भारत के मेगास्टार चिरंजीवी को देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण से सम्मानित किया। थ्रोउन रूम, जिसे दरबार हॉल के नाम से भी जाना जाता है, वह स्थान है जहाँ यह कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया गया था। जैसे ही अभिनेता ने सम्मान स्वीकार किया, थिएटर खुशी से गूंज उठा। चिरंजीवी का समर्थन करने के लिए उनकी पत्नी सुरेखा, बेटे और अभिनेता राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कोनिडेला मौजूद थीं। चिरंजीवी के अलावा, अनुभवी अभिनेत्री वैजयंतीमाला को उनके



परिवार की उपस्थिति में पद्म विभूषण मिला। अनुभवी अभिनेत्री ने इस अवसर के लिए पीले रंग की साड़ी चुनी और अत्यंत शालीनता के साथ दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान को स्वीकार किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान कला के क्षेत्र में जॉर्डन लेप्चा को पद्मश्री से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में सत्यब्रत मुखर्जी (मरणोपरांत) को पद्म भूषण प्रदान किया। दिवंगत सत्यब्रत मुखर्जी के बेटे सुमेंद्र नाथ मुखर्जी को यह पुरस्कार मिला। मीडिया दिग्गज होर्मूसजी एन कामा को दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस दौरान मुर्मू ने साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में श्रीधर मकाम कृष्णमूर्ति को पद्मश्री से सम्मानित किया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के किसान के चेल्लाम्मल को कृषि के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल के क्षेत्र में जोशना चिनप्पा को पद्मश्री से सम्मानित किया। मुर्मू ने कृषि के क्षेत्र में सत्यनारायण बेलेरी को पद्मश्री से सम्मानित किया। हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक सोम दत्त बट्टू को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म श्री पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान मूर्तिकार ए वेलु आनंद चारी को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया।

## केजरीवाल की जमानत पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर दस मई को फैसला सुनाएगा। इससे एक दिन पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। ईडी ने कहा कि वे (केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है। प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ये हलफनामा इसलिए दिया कि जस्टिस संजीव खन्ना ने आठ मई को कहा था, हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला किया जाएगा। इससे पहले सात मई को



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एऊ से कहा था कि चुनाव 5 साल में आते हैं, ये असाधारण परिस्थिति है। अगर हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो हमारी शर्त रहेगी कि वे सरकार के काम में दखलंदाजी नहीं करेंगे। दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। वे चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के गढ़ दिल्ली में 25 मई और पंजाब में 1 जून को लोकसभा चुनाव होने हैं।

## राम मंदिर पर ताला लगाने की बात झूठ-प्रियंका

### बोलीं- भाजपा के लिए काम कर रहे हैं ओवैसी

नयी दिल्ली। असदुद्दीन औवेसी को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं आपको बार-बार बता रही हूं। वह सीधे तौर पर बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जहां भी भाजपा को अन्य दलों को पीछे धकेलने के लिए किसी को मैदान में उतारने की जरूरत है, वह ऐसा कर रहे हैं। तेलंगाना चुनाव में ये बात बिल्कुल साफ हो गई है। पीएम मोदी के 'राहुल गांधी ने 'अंबानी-अडानी' को गाली देना बंद किया' वाले बयान पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि ऐसा लगता है कि पीएम मोदी भी उनका नाम लेने को मजबूर हैं। उन्होंने जो कहा कि राहुल गांधी



ने उनका नाम लेना बंद कर दिया है, ये बिल्कुल गलत है। वह हर दिन उनके बारे में बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को काला धन भेजा है। साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा 'टेम्पो से पैसा भेजने' को लेकर अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने मोदी की उस टिप्पणी पर पलटवार किया, जिसमें मोदी ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता पर हमला करते हुए कहा था कि उन्होंने (राहुल) अपने हमलों में अडाणी और अंबानी का नाम लेना क्यों बंद कर दिया है और क्या उन्हें इसके बदले इन उद्योगपतियों से पैसा मिला है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए गांधी ने एक वीडियो संदेश में पूछा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा भेजे जा रहे पैसों के बारे में अपने 'व्यक्तिगत अनुभव' के आधार पर बोल रहे हैं।

## बाल-बाल बचे चिराग पासवान

**पटना।** यह चिंताजनक घटना तब घटी जब पासवान का हेलीकॉप्टर निर्धारित हेलीपैड पर उतरने की प्रक्रिया में था। हालाँकि, यह एक संभावित दुर्घटना से बाल-बाल बच गया, जिससे ऐसे परिचालनों के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हो गईं।

एक तनावपूर्ण क्षण तब सामने आया जब लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को ले जा रहा हेलीकॉप्टर बिहार के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के मोहद्दी नगर में हेलीपैड के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गया। यह चिंताजनक घटना तब घटी जब पासवान का हेलीकॉप्टर निर्धारित हेलीपैड पर उतरने की प्रक्रिया में था। हालाँकि, यह एक संभावित दुर्घटना से बाल-बाल बच गया, जिससे ऐसे परिचालनों के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में गंभीर चिंताएँ पैदा हो गईं।

शुक्र है, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और पासवान और उनकी टीम दोनों सुरक्षित बच गए। फिर भी, यह घटना लैंडिंग और टेकऑफ जैसे महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान हेलीकॉप्टर यात्रा से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों को रेखांकित करती है। हालांकि हेलीपैड पर पायलट और ग्राउंड क्रू की त्वरित प्रतिक्रिया से एक आपदा टल गई, लेकिन यह हाई-प्रोफाइल यात्राओं के दौरान सुरक्षा मानकों और प्रोटोकॉल की बारीकी से जांच करने के लिए प्रेरित करता है।

## के कविता ने जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में लगाई अर्जी

**नयी दिल्ली।** सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने रिमांड की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किए जाने के बाद तेलंगाना एमएलसी की हिरासत बढ़ा दी। कार्यवाही के दौरान, प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत को बताया कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है और वह एक सप्ताह के भीतर कविता के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर सकती है। जेल में बंद भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी।

## राजनीति में जरूर उतरूंगा- रॉबर्ट

### वाड्रा बोले पित्रोदा ने बकवास की

**नई दिल्ली।** अमेठी से टिकट ना दिए जाने के बाद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने इशारा किया कि वो राज्यसभा सदस्य बनकर राजनीति में उतर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वो कुछ समय बाद राजनीति में जरूर उतरेंगे। 16 अप्रैल को वाड्रा ने कहा था कि अगर कांग्रेस को लगता है कि मैं बदलाव ला सकता हूं तो मैं एक्टिव पॉलिटिक्स में आ जाऊंगा। जरूरी नहीं कि मैं अमेठी से चुनाव लड़ूं, मैं मुरादाबाद या हरियाणा से भी लड़ सकता हूं। हालांकि कांग्रेस ने वाड्रा को टिकट नहीं दिया है। मैं किसी को जवाब देने के लिए राजनीति में नहीं आना चाहता। मैं इस देश के लोगों की सेवा करना चाहता हूं, हो सकता है



राज्यसभा के जरिए ऐसा करूंगा। मैं पूरे देश में भ्रमण करूंगा और लोगों की सेवा करूंगा। मैं अमेठी, रायबरेली और मुरादाबाद जाऊंगा। उनका आशीर्वाद मुझे खुशी देता है।

उन्होंने मंगलसूत्र पर जो कहा, वह प्रधानमंत्री पद पर बैठने वाले को शोभा नहीं देता। यही वजह है कि मैं नहीं चाहता, वो सत्ता में वापस आएं। वे जो भी आरोप लगाते हैं, उन्हें साबित नहीं कर पाते। राहुल और प्रियंका जो भी कहते हैं, उसे पूरा करेंगे। मैं उन्हें जानता हूं। दोनों बहुत मेहनती हैं। (कम्युनिकेशन गैप के सवाल पर) कोई भी ताकत दोनों के बीच दरार नहीं ला सकती। मैंने कभी ऐसा नहीं देखा।

## 65 साल में 7.8% घटी हिंदू आबादी

### ओवैसी ने बताया वॉट्सऐप रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में 1950 से लेकर 2015 तक हिंदुओं की आबादी में 7.8% की गिरावट आई है। जबकि मुस्लिम की आबादी में 43.15% का इजाफा हुआ। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (इएसी-पीएम) की रिपोर्ट में ये बात सामने आई है। रिलीजियस माइनॉरिटीजः अ क्रॉस-कंट्री एनालिसिस (1950-2015) रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जैनों की जनसंख्या में भी गिरावट आई है। 1950 में जैनों की आबादी 0.45% थी, जो 2015 में घटकर 0.36% रह गए। ये रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट शमिका रवि, अब्राहम जोस और अपूर्व कुमार मिश्रा ने तैयार की है।



अब लोकसभा चुनाव के बीच ईएसी-पीएम की आबादी रिपोर्ट पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है। उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा। वहीं, एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इसे वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट करार दिया। प्रियंका गांधी ने कहा, हमें उन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन से जुड़े हैं। भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बनाती है। दक्षिण एशियाई देशों मसलन बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान और अफगानिस्तान में बहुसंख्यक आबादी बढ़ी, जबकि अल्पसंख्यक आबादी में गिरावट आई। मालदीव में शफी-ए-सुन्नी धार्मिक समुदाय बहुसंख्यक है। उनकी आबादी में 1.47% की गिरावट आई। बांग्लादेश में बहुसंख्यक धार्मिक आबादी में 18% की बढ़ोतरी हुई। पाकिस्तान की बहुसंख्यक धार्मिक आबादी (हनफी मुस्लिम) में 3.75% का इजाफा हुआ, जबकि कुल मुस्लिम जनसंख्या 10% बढ़ी। म्यांमार, भारत, नेपाल में गैर-मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, यहां बहुसंख्यकों की आबादी में गिरावट देखी गई।

## शिवकाशी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से आठ की मौत

**शिवकाशी।** भारत के आतिशबाजी विनिर्माण केंद्र के रूप में प्रसिद्ध शिवकाशी, देश में पटाखों, सुरक्षा माचिस और स्टेशनरी वस्तुओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस घटना से हलचल भरे औद्योगिक शहर में मातम छा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि करीब एक किमी दूर तक तेज धमाके की आवाज सुनी गई। धमाके के बाद फैक्ट्री से सफेद धुआं निकलता देखा जा सकता है। तमिलनाडु के शिवकाशी के पास एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में 8 लोगों की जान चली गई। यह विस्फोट भारत के आतिशबाजी केंद्र कहे जाने वाले शिवकाशी के पास स्थित एक आतिशबाजी निर्माण इकाई में हुआ।

# अपने कर्तव्य को निभाएं मतदान देने जरूर जाएं

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** आगामी 1 जून को वाराणसी में होने वाले लोकसभा के चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मछोदरी स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर के महन्त संत स्वामी प्रेम स्वरूप दास के आवाहन पर सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, कालेज की प्रधानाचार्या डॉ० मुक्ता पांडे, उपाध्यक्ष अनिल केशरी, कोषाध्यक्ष नंद कुमार टोपी वाले के नेतृत्व में भैरवनाथ स्थित श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में कॉलेज के छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

उपरोक्त अवसर सभी छात्राओ ने जागो मतदाता जागो मतदान के लिए जागो, पहले मतदान फिर जलपान, बेखौफ और निर्भीक होकर मतदान करें के नारों के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

उपरोक्त अवसर पर बोलते हुए संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, कॉलेज की प्रधानाचार्य डा० मुक्ता पांडे, उपाध्यक्ष अनिल केसरी, कोषाध्यक्ष नंद कुमार टोपी वाले ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें, मतदान करने का अधिकार 5 वर्ष में एक बार ही मिलता है। इसलिए मतदाता मतदान का अवश्य प्रयोग करें। मतदान सभी लोग का कर्तव्य व फर्ज है।


# अफ्रीका से ही हुआ था दुनिया में आदि मानव का विस्तार

## बीएचयू के वैज्ञानिक बोले- 25000 साल पहले एक 'जीन' ने इंसान को दिया रंग

### सैम पित्रोदा के बयान पर किया पलटवार

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** ईस्ट इंडिया के लोग चाइनीज की तरह दिखते हैं। वेस्ट इंडिया अरबी, उत्तर के लोग गोरे और दक्षिण भारतीय लोग अफ्रीकन की तरह से लगते हैं। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के इस बयान पर सियासी तूफान मचा हुआ है। लोगों ने उन पर रंगभेद का आरोप लगाया है। बीजेपी से लेकर तमाम ट्रोलर्स ने सैम पित्रोदा को काले-गोरे लोगों के बीच भेद भाव करने वाला इंसान बता दिया। इस मसले को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जीन वैज्ञानिकों से बात की तो पता चला कि ये भ्रम है। 70 हजार साल पूरी दुनिया में आदि मानव का विस्तार अफ्रीका से ही हुआ था। लेकिन, शरीर का रंग क्या होगा, ये हमें अफ्रीका ने नहीं बल्कि, इंडियन जियोग्राफी ने ही 25 हजार साल पहले दिया था। हमारा गोरा होना चीन से और काले होने का कनेक्शन अफ्रीका से तो बिल्कुल ही नहीं है। बीएचयू के जीन वैज्ञानिक प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे और डॉ. चंदना बासु ने शरीर के रंग और डीएनए हिस्ट्री को लेकर रिसर्च किया है।



**भारत के लोगों का रंग क्या होगा, ये भारत ने ही तय किया-** उन्होंने बताया, भारत के लोगों का रंग क्या होगा, ये भारत ने ही तय किया है। हमारे भूगोल और क्लाइमेट ने ही हमको नेचुरली रंग दे दिया। 70 हजार साल पहले आदि मानव के तौर पर हम अफ्रीका से निकलकर भारत आए तो सबका एक ही रंग था। लेकिन, उत्तर की ओर रहने वाले गोरे होते गए और दक्षिण की ओर खिसकने वाले सांवले।

**मौसम ने हमारे शरीर के रंग को नेचुरली एडॉप्ट कर लिया-** मौसम ने हमारे शरीर के रंग को नेचुरली एडॉप्ट कर लिया। इसी टाइम पर हमारे अंदर एक 'एसएलसी24ए5' नाम का जीन आया, जिसने गोरा या काला होना तय किया। इसी जीन मिलेनिन को कंट्रोल कर दिया। मौसम यानी कि बारिश, गर्मी और ठंडक की वजह से बॉडी स्किन टोन भी निर्धारित हो गया।

**ज्यादातर आबादी भारत में आकर बस गई-** अफ्रीका से निकली ज्यादातर आबादी भारत में आकर बस गई। माइक्रोलिथिक इरा, यानी कि 35 हजार साल आदि मानवों ने छोटे और नुकीले औजार बनाने की कला सीख ली। इससे ये हुआ कि भोजन की किल्लत समाप्त हो गई। क्योंकि, नुकीले औजारों से जानवरों का शिकार करने में आसानी हो गई।

**लोगों के शरीर में बढ़ता ही चला गया मिलेनिन-** आबादी बढ़ी तो लोग भारत से ही पूरे साउथ एशिया यानी कि श्रीलंका, बांग्लादेश आदि क्षेत्रों में लोग माइग्रेट होते चले गए। यह टाइम था कि उत्तर में बसे लोगों का रंग गोरा होता गया, क्योंकि जीन की यहां रहने वाले लोगों का मिलेनिन कम हो गया। दक्षिण की ओर माइग्रेट होते लोग सांवले होते चले गए। वहां का मौसम काफी गर्मी और बरसात वाला था, वहां लोगों के शरीर में मिलेनिन बढ़ता ही चला गया।

# जिला अस्पताल में तीमारदारों और डॉक्टरों के बीच हाथापाई

## सीएमएस व पुलिस अधिकारी ने डॉक्टरों व कर्मियों के साथ की बैठक

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल में गुरुवार की सुबह सर्जिकल वार्ड में भर्ती एक मरीज के तीमारदार और डॉक्टर के बीच हाथापाई होने से माहौल गरमा गया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों ने ओपीडी का काम ठप कर दिया गया।

जानकारी होने पर सीएमएस व पुलिस अधिकारी ने डॉक्टरों व कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें सीएमएस के आश्वासन पर दो घंटे बाद ओपीडी बहाल हुई। डॉक्टर के मुताबिक, हाथापाई करने वाला एनडीआरएफ का जवान है। सर्जिकल वार्ड में भर्ती एक महिला मरीज के तीमारदार से पहले वार्ड में ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर से नोकझोंक हुई। बाद में मामला इतना बढ़ गया कि हाथापाई शुरू हो गई। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर तीमारदार ने बात की तो स्वास्थकर्मी भड़क गए। बात आगे बढ़ गई और दोनों तरफ से हाथापाई शुरू हो गई। उधर, घटना को लेकर डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने सुबह 9 बजे से ओपीडी में काम



ठप कर दिया।इसके बाद अस्पताल के सीएमएस डॉ. दिग्विजय सिंह स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया। जिसके बाद 11 बजे के करीब डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी काम पर वापस लौटे।

## बीएचयू सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बनेगा जांच केंद्र

**वाराणसी।** बीएचयू अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में अलग जांच केंद्र खोले जाने की तैयारी चल रही है। आईएमएस के निदेशक प्रो. एसएन संखवार ने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के भूतल पर इसके लिए जगह का चयन पूरा हो गया है। जांच काउंटर बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक से लोगों को जांच के लिए अस्पताल में बने सीसीआई लैब तक जाना पड़ता है। इससे लोगों को परेशानी होती है।

## खोदाई के दौरान टूटी पेयजल लाइन

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** जिले के कबीरनगर कॉलोनी में कार्यदायी एजेंसी लोगों के सीवर और पेयजल कनेक्शन तोड़ रही है। इसकी शिकायत जलकल महाप्रबंधक विजय नारायण मौर्य से की गई। इसके बाद नोटिस जारी कर मरम्मत के लिए कहा गया है। कॉलोनी में 380 मीटर की सीवर पाइपलाइन डाली जा रही है। खोदाई के दौरान काम करने वाले पेयजल और सीवर लाइनों को तोड़ रहे हैं। शिकायत के बाद भी लाइनों की मरम्मत नहीं की जा रही है। खोदाई के दौरान गड्ढों को भी नहीं पाटा जा रहा है। बगैर सुरक्षा उपकरणों के मजदूर काम कर रहे हैं। क्षेत्र के राजेश कुमार और रमेश कुमार सिंह ने कहा कि धूल उड़ रही है।कई बार कहा गया कि पानी डालें और लोगों के कनेक्शन बचाकर काम करें। बावजूद मनमानी जारी है। यही हाल रहेगा तो एक बार सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई की जाएगी। बाद में कनेक्शन जोड़ने के नाम पर खोदाई होगी। जलकल के सचिव ओपी सिंह ने बताया कि फर्म को नोटिस दिया गया है।

# कचहरी-संदहा फोरलेन के बंद होंगे 37 कट

## इस मार्ग पर मॉडल ट्रैफिक प्लान लागू करने की तैयारी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** कचहरी से पुलिस लाइन, पांडेयपुर फ्लाईओवर होते हुए पहड़िया-आशापुर से संदहा तक बन रही फोरलेन सड़क पर मॉडल ट्रैफिक प्लान लागू करने की तैयारी है। इसके तहत महानगरों की तरह फोरलेन पर भी लंबी दूरी के यू-टर्न बनाए जाएंगे। फोरलेन के 37 कट बंद होंगे। यातायात विभाग यह प्लान पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करेगा। यदि प्रयोग सफल रहा तो इसे शहर के दूसरे रूट पर भी लागू किया जाएगा। कचहरी-संदहां फोरलेन का निर्माण तेजी से चल रहा है। फोरलेन के नाते सड़क की चौड़ाई तो बढ़ेगी ही, उस पर भी ट्रैफिक संचालन को एक मॉडल बनाने का प्रयास होगा। यातायात विभाग के प्लान के मुताबिक पांडेयपुर काली मंदिर से पहड़िया और आशापुर से संदहा के बीच कुल 37 बड़े-छोटे कट बंद होंगे। चौराहा केवल पहड़िया में होगा।



**आचार संहिता समाप्त होने के बाद होगी व्यवस्था-** एडीसीपी ट्रैफिक राजेश पांडेय ने बताया कि कट बंद करने और यू-टर्न का बोर्ड लगवाने के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा गया है। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के एक्सईएन ने बताया कि कई कट बंद कर दिए गए हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद व्यवस्था कर दी जाएगी। जहां यू-टर्न के लिए आठ बड़े कट बनेंगे, वहां संकेतक बोर्ड के साथ सिग्नल लगेंगे।

**इन स्थानों पर बंद होंगे कट-** आरपीडी इंटर कॉलेज के सामने, एसएसबी इंग्लिश स्कूल, संकटमोचन हॉस्पिटल, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, काल भैरव स्टील फर्नीचर, मेरेडियन हॉस्पिटल, शौर्य कोचिंग सेंटर, खुशी मार्बल, अरविंद अपार्टमेंट, ब्यूटी सैलून, आशापुर पुल के पास, टाटा मोटर्स आदि।

**यहां बनेंगे यू टर्न-** बाबा वैद्यनाथ इंटरप्राइजेज, कालभैरव स्टील फर्नीचर, बिजली एक्सईएन दफ्तर, जवाहर फ्लावर स्टोर, बनारस घराना लॉन, राज उपवन, महेंद्रा कोटक बैंक, वी-टू मॉल के बगल में।

# संक्षिप्त खबरे...

## बॉस्केटबाल के पांच खिलाड़ी यूपी टीम में

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** जिले के चार बालक तथा एक बालिका बास्केटबॉल खिलाड़ियों का चयन प्रदेश की जूनियर टीम में हुआ है। बालक वर्ग में राज सिंह, कुणाल कुमार सिंह, देवेश जायसवाल तथा प्रदीप वर्मा, बालिका वर्ग में अनवी सिंह का चयन हुआ है। यह जानकारी सिंघ के संयुक्त सचिव विभोर भृगुवंशी ने दी है।

## मतदान में युवा बढ़चढ़ कर करें भागीदारी

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** देश के उज्वल भविष्य की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। इसलिए युवा मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें। ये बातें एमएलसी अरुण पाठक ने रामेश्वर के ज्ञान दायिनी महिला कॉलेज में छात्राओं से संवाद में कहीं। छात्रा-जयश्री भगत, भाग्यश्री गुप्ता, रश्मि प्रिया पांडेय व श्रेया कुमारी ने भी विचार रखे। इस मौके पर प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या भी थीं।

## विवेकदास को भर्ती कराने के लिए पत्र

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** कबीरचौरा मठ मूलगादी ट्रस्ट के उत्तराधिकारी महंत प्रमोद दास महंत विवेकदास से मिलने जिला जेल पहुंचे। मुलाकात के बाद उन्होंने जेल अधीक्षक को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने विवेक दास के स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की मांग की। प्रमोद दास ने बताया कि महाराज हृदय रोगी हैं। दो दिन पहले जेल में उनके नाक से खून आया था।

## संविवि नहीं लेगा कॉलेजों का विकास शुल्क

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। संस्कृत विश्वविद्यालय अब संबद्ध महाविद्यालयों से विकास शुल्क नहीं जमा कराएगा। कुलसचिव राकेश कुमार ने आदेश जारी कर बताया कि पहले की तरह अब छात्रों की फीस के साथ विकास शुल्क महाविद्यालयों में जमा होंगे। पिछले वर्ष जिन महाविद्यालयों का विकास शुल्क जमा हुआ था उनका समायोजन इस वर्ष की फीस के साथ कर दिया जाएगा।

## विद्यापीठ में समर कैंप का शुभारंभ

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** काशी विद्यापीठ ब्लॉक के प्रा.स्कूल भिटारी में पांच दिनी समर कैंप का शुभारंभ किया गया। प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कैंप का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में कुशल बनाना है। बताया कि पांच दिवसीय समर कैंप में हर दिन ड्राइंग-पेंटिंग, आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य-संगीत, मेहंदी-रंगोली के साथ अंतिम दिन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई है। बुधवार को पहले दिन बच्चों ने ड्राइंग व पेंटिंग में भाग लिया। इस दौरान विभा यादव, रजनी, मीना यादव, मीनू शुक्ला, निशा सिंह, दीपक गुप्ता रहे।

## छात्राओं ने सीखीं डिजिटल मार्केटिंग की बारीकियां

वाराणसी(परिवर्तन दूत)। धीरेंद्र महिला पीजी कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग पर 15 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा यादव ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की। इस मौके पर डिजिटल ग्रोथ वर्ल्ड के विकास गौरव ने डिजिटल मार्केटिंग के तकनीकी पक्षों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. शिवांगी साह, डॉ. आनंद कुमार सोनकर, शशांक शरण श्रीवास्तव, प्रभु नारायण, ज्योति यादव मौजूद थे।

## कैंपस प्लेसमेंट में 30 विद्यार्थी किए गए चयनित

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** काशी विद्यापीठ की कैंपस प्लेसमेंट सेल की तरफ से एक्सिस बैंक का कैंपस इंटरव्यू हुआ। इसमें मुख्य परिसर के साथ ही गंगापुर कैंपस के 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान 30 विद्यार्थी एक्सिस बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए चुने गए। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## सड़क पर बह रहा सीवर का पानी

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** आराजी लाइन ब्लाक अंतर्गत रूपापुर गांव हाल के दिनों में एक गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। गांव के एक सड़क पर सीवर का पानी बह रहा है। जिससे स्थानीय लोगों के लिए कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। गांव के निवासियों के अनुसार, यह समस्या पिछले कुछ महीनों से लगातार बढ़ रही है। इसका निराकरण नहीं हुआ तो आगे बारिश के मौसम में जल निकासी की प्रणाली पूरी तरह से जाम हो जाएगी जिसके कारण सीवर का गंदा पानी सड़कों पर और तेजी से फैल जाएगा। इस समस्या के कारण स्थानीय निवासियों को अपने घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है, और बुजुर्ग लोगों के लिए सड़क पर चलना भी जोखिम भरा हो गया है। लोग रुमाल से मुंह ढक कर इस रास्ते से आते-जाते हैं। साथ ही इस गंदे पानी के कारण मच्छरों और अन्य हानिकारक कीटों का प्रकोप भी बढ़ गया है।

# पीएम मोदी ने लौटाया काशी का वैभव : गोपाल शर्मा



परिवर्तन दूत

**मिर्जामुराद।** गौर गांव स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में गुरुवार को प्रवास के दौरान पहुंचे राजस्थान प्रांत के विधानसभा सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा ने भाजपा के क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए चुनाव की तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली।उन्होंने कार्यकताओं को शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा में लगे हुए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के ऊपर राष्ट्रीय नवनिर्माण की जिम्मेदारी है।कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लौटाया है काशी का वैभव। बीते 10 वर्षों में हुआ वाराणसी का विकास विश्व के किसी भी नगर के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान बैठक में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह गौतम, भाजपा नेता अजय तिवारी, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, योगेश सिंह, डॉ. शैलेन्द्र चतुवेर्दी, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', राजेश सिंह, रामजी यादव, दिनेश गुप्ता, वीरेंद्र विश्वकर्मा, राकेश यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व रेडक्रास दिवस पर सदस्यों ने किया रक्तदान




**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** रेडक्रास सोसाइटी की ओर से विश्व रेडक्रास दिवस पर आईएमए (लहुराबीर) में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमे रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड के डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय ने 49वीं बार रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। विनय यादव,वेद मूर्ति शास्त्री समेत अन्य अन्य सदस्यों ने रक्तदान किया। इसके पूर्व बेनियाबाग स्थित कार्यालय में रेडक्रास झंडारोहण हुआ। इस अवसर पर संस्था के सचिव डा.संजय राय,वाइस प्रेसिडेंट वेद मूर्ति शास्त्री, विजय शाह, डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय, देवेन्द्र श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# सेंट्रल एकेडमी के चार ब्रांचों पर गिरी गाज

## बीएसए ने सीबीएसई बोर्ड को भेजा मान्यता रद्द करने का लेटर

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** राइट टू एजुकेशन के तहत 24 बच्चों को एडमिशन न देने के चलते वाराणसी के 4 स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है। वाराणसी के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने इन स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए सीबीएसई बोर्ड को लेटर भेज दिया है। निरस्त होते ही स्कूलों को बंद करने की भी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वाराणसी के केके चतुर्वेदी मेमोरियल सोसायटी सेंट्रल एकेडमी के 4 ब्रांच पर ये गाज गिरी है। इनमें, लंका, गिरजाघर, रामापुरा और गुरुधाम सेंटर शामिल है। इन स्कूलों के साथ ही वाराणसी के दो बड़े स्कूलों जयपुरिया और आर्यन इंटरनेशन स्कूल को भी आरटीई के तहत एडमिशन न देने पर नोटिस थमाई गई है। स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिन 4 स्कूलों को बंद कराने की चेतावनी दी गई है, उन पर आरोप है कि ये राइट टू एजुकेशन (आरटीई) एक्ट के तहत बच्चों को एडमिशन नहीं दे रहे थे। कुल 24 बच्चों को एडमिशन से महरूम किया गया। जबकि ये उनका कानूनी अधिकार था। शिकायत होने के बाद जब बीएसए द्वारा इसकी वजह पूछी गई, तो भी कोई जवाब नहीं भेजा गया। इससे नाराज होकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए सीबीएसई बोर्ड को लेटर भेज दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन स्कूलों से बहुत आसान सवाल पूछे गए थे। वो ये था कि कितने बच्चे किस विषय में पढ़ते हैं ? नियमों का पालन कैसे किया जा रहा है ? एक्ट के तहत एडमिशन देने में क्या दिक्कत आई ? बीएसए ने कहा कि इन सवालों का जवाब न देने पर यह समझा गया कि स्कूल पूरी तरह से शासकीय नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

# चोरो ने दो मकानों से नगदी समेत उड़ाए दस लाख के गहने

परिवर्तन दूत

**मिर्जामुराद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज गांव में बुधवार की देर रात छत के रास्ते दो मकानों में घुसे चोरो ने नगदी समेत दस लाख के गहने उड़ा ले गए।भुक्तभोगी की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

मेंहदीगंज गांव निवासी धीरेंद्र पांडेय उर्फ धीरज बुधवार की रात खाना पीना खाने के बाद परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे कि देर रात छत के रास्ते में भुक्तभोगी के मकान में घुसे चोरो ने कमरे के अंदर रखे आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे सोने का तीन चेन, पांच अंगूठी, एक सोने का हार, दो चांदी का पायल व पच्चीस हजार रुपया नगद व दूसरे कमरे में सो रही धीरेंद्र की पत्नी पूर्णिमा का चोरो ने मुँह दवाकर गले में पहनी सोने का चेन व मंगलसूत्र छीनकर कान में पहनी तपस को छीनने लगे जब पूर्णिमा आवाज देते हुए चोरो का विरोध की तो चोर गला दबाते हुए हाथ में पहनी अंगूठी छीनते हुए घर के बाहर सो



रही भुक्तभोगी के मां को बाहर से दरवाजे में बंद करते हुए चोर भाग निकले।भुक्तभोगी चोरी की जानकारी तुरंत 112 नंबर पुलिस को दिया।धीरेंद्र घर पर रहकर ही खेती बारी करते है।वही कुछ दूर पर राकेश यादव के मकान में छत के रास्ते घुसे चोरो ने कमरे के अंदर जाकर रखे बक्से का ताला तोड़कर बक्से के अंदर रखे एक सोने का चेन, दो सोने का अंगूठी, दो चांदी का लारी व तैंतीस हजार नगदी समेत चोर अन्य सामान चुराकर भाग निकले। भुक्तभोगी राकेश यादव ने चोरी की सूचना पुलिस को दिया।राकेश पीडब्लूडी में कर्मचारी

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगों ने फैलाया मायाजाल

## कोरोनकाल से लोगों में वर्क फ्रॉम होम के प्रति जगी रुचि का फायदा उठा रहे है साइबर ठग

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** कोविड के बाद से वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ गया है। कई लोग चाहते हैं कि उन्हें ऐसा काम मिले, जिससे वह घर बैठे ही कर सकें। महिलाएं भी चाहती हैं कि उन्हें ऐसा काम मिले कि जिसे घर से ही पूरा किया जा सके। साथ ही, वे अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को भी निभा सकें। साइबर ठग लोगों की इसी मानसिकता फायदा उठा कर लोगों को वर्क फ्रम होम का झांसा दे रहे हैं और उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। साइबर अधिकांश मामलों में, वे काम शुरू होने से पहले जमानत राशि की मांग करते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि पीड़ित कितना उनके झांसे और बातों में फँसा है हाल ही में दिल्ली के रहने वाले एक व्यक्ति के सामने मैसेज के जरिए वर्क फ्रम होम का ऑप्शन आया। इसमें घर बैठे डेली कमाई करने का ऑफर दिया जा रहा था। इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिए उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, तो वह सीधे एक वॉट्सऐप नंबर पर पर चले गए। इसके बाद एक अनजान व्यक्ति की तरफ से एक रजिस्टर्ड वेबसाइट पर क्लिक




करके रजिस्ट्रेशन पूरा करने को कहा गया। इसके बाद कुछ टास्क को पूरा करने को कहा गया। फिर कुछ पैसे जमा करके कमीशन हासिल करने की भी बात कही गई। स्कैमर्स ने भरोसा जीतने के लिए पहली बार में पैसे वापस कर दिए। हालांकि जब दूसरी बार में पीड़ित ने 9 लाख रुपये जमा किए, तो पैसे वापस नहीं हुए और व्यक्ति ठगी का शिकार हो गया।

**ओटीपी डालते ही सब खत्म-** इस तरह का झांसा देकर कई बार साइबर ठग मोबाइल पर एनी डेस्क ऐप या इसी तरह के अन्य ऐप डाउनलोड करने के लिए भी कहते हैं। इसके बाद वे 10 अंकों का एक ओटीपी भी भेज कर उसे डालने के लिए कहते हैं। ओटीपी डालते ही उस व्यक्ति के मोबाइल का सारा एक्सेस साइबर ठग अपने हाथ में ले लेते हैं और पेटीएम, फोन-पे और गूगल- पे और बैंकिंग एप्प्स आदि के जरिये के जरिए ठगी कर लेते हैं।

**कोरोना के बाद से ठगी के मामले बढ़े-** साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि वर्क फ्रॉम के नाम पर कोरोना के बाद से ठगी के मामले बहुत ज्यादा हो गए हैं। अगर कोई कंपनी ऑफर दे तो उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाएं।अनजान नंबर से आने वाले लिंक के बाद अगर कोई टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ने की बात करे तो अलर्ट हो जाएं। ई-वॉलेट में जमा हुए रुपये निकालने के लिए और निवेश के लिए बोले तो फौरन साइबर सेल से शिकायत दें। किसी सर्वे या लिंक पर क्लिक करने के लिए कोई कंपनी पैसा नहीं देती है। ऐसे ऑफर से सतर्क रहें। 4-5 हजार रुपये रोज घर बैठे कमाने का ऑफर सिर्फ छलावा हो सकता है। नौकरी के लिए हमेशा कंपनी के दफ्तर में ही संपर्क करें।

# तालाब में डूबने से दो बहनों की मौत

## नारायणी विहार के हनुमान मंदिर पोखरा से दो शव बरामद, बेहोश किशोरी का इलाज जारी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी(सं.)।** तालाब में नहाने गई तीन बहनें डूब गई। किशोरियों के बचाने-बचाने की आवाज सुनकर तालाब किनारे मौजूद लोगों ने तालाब में कूदकर बच्चियों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दोनों किशोरी गहरे पानी में डूब गयी थी। वहीं तीसरी बहन को लोगों ने डूबने से बचा लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने भी बच्चियों की तलाश किया। लेकिन दोनों बच्चियों का पता नहीं चल सका। वहीं मौके पर गोताखोरों को बुलाकर पानी में उतारा गया। जिसके बाद दो शव बरामद हुआ। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं एक अन्य बेहोश किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की दोपहर संतोष उपाध्याय की तीन बेटियां चितईपुर स्थित नारायणी विहार



कॉलोनी के तालाब में नहाने गई थी। उसकी बड़ी बेटी लाडो (13) लाली (10) और लवली (7) अपने साथ कपड़े धुलने के लिए गयी थी। पहले उन्होंने कपड़े धुले फिर नहाने के लिए पानी में उतर गई। सबसे पहले लवली पानी में उतरने लगी, तो बड़ी बहन लाडो उपाध्याय ने उसे मना किया। बहन की बात को अनसुनी लालो और लवली तालाब में घूस गयी। अचानक लवली का पैर दलदल में धंस गया। पैर धंसने के बाद बहन को पुकारा और पानी में डूब गई। उसे बचाने के लिए लाडो तुरंत तालाब में कूद गई। लाडो को तैरना आता था। लेकिन गहराई अधिक होने के कारण वह उसे नहीं ढूंढ सकी। पहले तो ऊपर आई, लेकिन फिर पानी के अंदर समा गई। दोनों बहनों को देखकर लाली ने भी बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी डूबने लगी। हालांकि बाहर निकलकर उसने घर पहुंचकर चाचा अनिल कुमार उपाध्याय को सबसे पहले घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर परिजन तालाब किनारे पहुंचे। पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और मल्लाह की मदद से दोनों बच्चियों की तलाश की। कुछ देर बाद दोनों मृत अवस्था में तालाब से बरामद हो गयी। शव बरामद होने के बाद परिजन रोने बिलखने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चितईपुर एसओ ने बताया कि तालाब नहाने गई तीनों बहनें तालाब में नहाते हुए डूबने लगी। जिससे दो बहनों की डूबने से मौत हो गई। एक घायल बच्ची का इलाज चल रहा है। इनके पिता संतोष उपाध्याय ऑटो ड्राइवर हैं।

## 'शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से अवगत होना अति आवश्यक'

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: अभिमुखीकरण एवं जागरुकता कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरुवार को विद्वानों ने आधुनिक संप्रेषण तकनीक पर व्याख्यान दिया। शिक्षा संकाय, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला की प्रो. जगप्रीत कौर ने कहा कि वर्तमान युग सूचना एवं तकनीक का युग है। ऐसे में हमारे शिक्षकों एवं शोधार्थियों को आधुनिक तकनीक से अवगत होना अति आवश्यक है। बतायाकि वर्तमान शिक्षा नीति में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान में कुछ प्रमुख उपकरणों के उपयोग से भी प्रतिभागियों को परिचित कराया। द्वितीय सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. गौरव राव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति डिजीटल आधारभूत संरचना के विकास पर जोर देती है।

# पुलिस ने बंद कराई 'मोहब्बत की दुकान'

## काशी विद्यापीठ के बाहर उठा रहे थे युवाओं के मुद्दे, बांट रहे थे कांग्रेस का घोषणा पत्र

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बाहर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से लगाई गई 'मोहब्बत की दुकान' को चंद घंटे बाद पुलिस ने हटवा दिया। काशी विद्यापीठ के छात्रों ने विरोध किया तो पुलिस से तीखी नोंकझोंक भी हो गई। हालांकि कुछ देर बाद पुलिस ने बलपूर्वक काउंटर को हटवा दिया। मोहब्बत की दुकान लगाकर छात्र संगठन एनएसयूआई युवाओं के मुद्दे उठाने के साथ ही कांग्रेस के घोषणा पत्र का वितरण कर रहे थे। विश्वविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर ने इस पर आपत्ति जताई और दुकान को बंद करवाया। पुलिस का कहना है कि विश्वविद्यालय परिसर में गतिविधियों के लिए अनुमति नहीं थी। आचार संहिता के दौरान बिना अनुमति के गतिविधि नहीं कर सकते है। वहीं छात्रों का आरोप है कि बीजेपी की विचारधाराओं से जुड़े लोगों ने शिविर बंद करवाई है। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में उतरी कांग्रेस के छात्र



संगठन एनएसयूआई अपने प्रचार में जुटी है। गुरुवार को एनएसयूआई के सदस्यों ने युवाओं के मुद्दे और कांग्रेस के घोषणा पत्र के साथ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बाहर 'मोहब्बत की दुकान' लगाई। कैंपस में लगे काउंटर पर एनएसयूआई के सदस्यों ने छात्रों से संवाद शुरू किया। विवि में आते जाते छात्र-छात्राओं को कांग्रेस की नीतियां बताई। परिसर में मोहब्बत की दुकान की जानकारी होते ही वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने चौकी और थाना सिगरा को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एनएसयूआई से जुड़े छात्रों को दुकान बंद करने की चेतावनी दी। छात्रों और पुलिस के बीच इस दौरान थोड़ा कहासुनी भी हुई। इसके बाद छात्रों ने मोहब्बत की दुकान विश्वविद्यालय के बाहर से हटाकर अंदर लगा लिया। वहीं, जब विश्वविद्यालय प्रशासन को जानकारी हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सवाल उठाए। चीफ प्रॉक्टर की सूचना पर विश्वविद्यालय परिसर में मुहब्बत की दुकान नहीं लगाने की बात कही। विश्वविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर मुहब्बत की दुकान को बंद करवाया।

## संक्षिप्त खबरे...

### एमएलसी ने कार्यकर्ताओं संग किया जनसम्पर्क



**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** रोहनिया विधानसभा के शुलटंकेश्वर मण्डल के शक्ति केन्द्र अखरी के बूथ संख्या 370 व 371 एवं 372 पर लाभार्थी से घर घर सम्पर्क कर बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के साथ मे सदस्य विधान परिषद/भाजपा जिलाध्यक्ष हंशराज विश्वकर्मा ने पत्रक वितरण किया। जिसमे मुख्य रूप से जिला महामंत्री संजय सोनकर, ब्लॉक प्रमुख प्रवेश पटेल, भाजपा नेता सुरेन्द्र राजभर, शुलटंकेश्वर मंडल अध्यक्ष मिलन मौर्या, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा गोबिन्द दास गुप्ता जिला कार्यसमिति सदस्य गौरव पटेल, विनोद सोनकर, अनिल पाण्डेय, शक्तिकेन्द्र संयोजक दिनेश यादव, सुधीर वर्मा राजू, अवधेश राजभर, रामसनेही, अनिल पाल, वीरू सिंह, रामचरित्र पटेल, अमित सिंह, अनूप श्रीवास्तव, विनोद राजभर, दीपक राजभर, अजय विश्वकर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

### सप्तम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 15 को

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** विधि विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बी.ए. एल-एल.बी. सप्तम सेमेस्टर सत्र 2023-24 के छात्रों की मौखिक परीक्षा 15 मई को होगी। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि मौखिक परीक्षा विधि विभाग में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। विद्यार्थियों को व्यवहारिक कार्य/अभ्यास पुस्तिका के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा कि स्थिति में उनकी मौखिक परीक्षा नहीं होगी।

### मिड टर्म परीक्षाएं 21 मई से होंगी शुरू

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बी.ए., बी.एस-सी. एवं बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2023-24 की मेजर एवं माइनर प्रश्न पत्र की मिड टर्म परीक्षा क्रमशः 21 व 22 मई को होगी। द्वितीय सेमेस्टर की मेजर एवं माइनर प्रश्न पत्र की मिड टर्म परीक्षा क्रमशः 24 व 25 मई को होगी। वहीं, षष्ठम सेमेस्टर की मेजर प्रश्न पत्र की मिड टर्म परीक्षा 27 मई को होगी।

### एम.ए. अर्थशास्त्र के छात्र 25 मई तक जमा करें असाइनमेंट

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एम.ए. (अर्थशास्त्र) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्रः 2023-24 के छात्रों को मिड टर्म परीक्षा अन्तर्गत अपना असाइनमेंट 25 मई तक जमा करना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि छात्र अपने प्रश्नपत्र समन्वयक से सम्पर्क कर उक्त तिथि असाइनमेंट अवश्य जमा कर दें। निर्धारित समयावधि में असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य है, नहीं करने की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। इसकी विस्तृत जानकारी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड है।

### एनालिटिक्स की परीक्षा 28 मई को

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बी.ए., बी.एस-सी. एवं बी.कॉम सत्र 2023-24 के सभी सेमेस्टर के छात्रों की स्किल डेवलपमेंट कोर्स - डाटा एनालिटिक्स विषय की मिड टर्म एवं सेमेस्टर परीक्षा 28 मई को होगी। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा पूर्वाह्न 9:30 बजे से और सेमेस्टर परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से विभाग में होगी। उक्त परीक्षा की समय सारिणी एवं विस्तृत जानकारी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड है।

### पी-एच.डी. 2021 बैच की कोर्स वर्क परीक्षा 15 से

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** हिन्दी विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पी-एच.डी. सत्र- 2021 के शोधार्थियों की प्री.पी-एच.डी. 2021 बैच की कोर्स वर्क परीक्षा 15 एवं 17 मई को होगी। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. निरंजन सहाय ने बताया कि कोर्स वर्क परीक्षा मानविकी संकाय के कक्ष संख्या 19, 20 एवं 21 में अपराह्न 01.30 से 04.30 बजे तक संपन्न होगी। शोधार्थी अपना प्रवेश पत्र 12 मई से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## ऑटो सवार ने छात्रा को मारी टक्कर

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** विद्यालय से पढ़कर वापस घर जा रही छात्रा को अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज




थी की साइकिल से जा रही छात्रा छिटककर दूर गिर गई। उसे पैर पीठ और हाथों में चोट आई है। जानकारी के अनुसार जक्खिनी के सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ने वाली छात्रा खुशी यादव (12) पुत्री पंधारी यादव विद्यालय से छुट्टी के बाद अपने घर बहादुरपुर वापस जा रही थी। उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो ने टक्कर मारी। टक्कर मारने के बाद ऑटो चालक ऑटो छोड़कर भाग गया। राजातालाब थाने की पुलिस ने ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि छात्रा का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जक्खिनी में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि छात्रा के पैर में तीन जगह फैक्चर हुआ है।

# हज यात्रा पर वाराणसी से जाएंगे 579 जायरीन

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** मुकद्दस हज यात्रा की शुरूआत गुरुवार को आईजीआई एयरपोर्ट नई दिल्ली से हुई। वाराणसी से इस बार कुल 579 जायरीन हज पर रवाना होंगे। वहीं चंदौली से 89 जायरीन जाएंगे। स्थानीय मास्टर ट्रेनर हाजी इमरान ने बताया कि इस वर्ष वाराणसी में इम्बार्केशन सेंटर नहीं बनाया गया है। ऐसे में हज यात्रा पर वाराणसी और चंदौली के जायरीन लखनऊ से रवाना होंगे। मोहम्मद इमरान ने बताया कि वाराणसी में हज यात्रियों का टीकाकरण संपन्न हो चुके है। इस बार 579 हज जायरीन वाराणसी से मुकद्दस हज यात्रा पर 18 से 20 मई तक सऊदी के पवित्र शहर मक्का के लिए रवाना होंगे। इसके अलावा इन्ही तारीखों में चंदौली के 89 जायरीन भी रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि सभी जायरीनों को हज को लेकर जरूरी बातें समझाई जा चुकी है।



मास्टर ट्रेनर इमरान अहमद ने बताया कि इम्बार्केशन सेंटर वाराणसी में बंद होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले वाराणसी में इम्बार्केशन सेंटर हुआ करता था। जिससे यहां से हज पर जाने वालों को काफी सहूलियत होती थी। बलिया तक के जायरीन वाराणसी से मुकद्दस हज की यात्रा पर जाया करते थे। लेकिन यहां हर साल बनने वाले अस्थायी हज हाउस को खत्म करते हुए लखनऊ से फ्लाइट कर दी गयी। जिससे जायरीनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




# पीएम मोदी के रोड-शो की तैयारियां तेज

## नगर निगम ने पांच किमी में भरे 120 गड्ढे

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** काशी में 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य रोड शो होगा। इसकी तैयारियां जोरो पर हैं। रोड शो के दौरान मालवीय प्रतिमा लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक दिखेगी। प्रधानमंत्री जिस मार्ग से रोड-शो करने वाले हैं उस मार्ग की सूरत को बदलने के लिए नगर निगम ने पूरी ताकत झोंक दी है। नगर निगम



ने लंका से दशाश्वमेध क्षेत्र तक अतिक्रमण अभियान चाला रहा है। रोड-शो के मार्ग में पड़ने वाले तार को काटा जा रहा है। तो वहीं सड़क के बीच में पड़ने वाले गड्ढे भी भरे जा रहे हैं। नगर निगम ने इसके लिए 200 से अधिक कर्मचारियों को मैदान में उतारा है। लंका से दशाश्वमेध क्षेत्र तक नगर निगम ने सड़क के बीच पड़ने वाले 120 गड्ढे को रातों-रात भर दिया। इतना ही नहीं जहां भी सड़कों पर दरार बनी हुई थी उसको भी ठीक कर दिया गया है। फिलहाल इस मामले में नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह हमारा सप्ताहिक अभियान चल रहा है जिसके तहत हम लोग सीवर, सड़क और अतिक्रमण को हटाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 13 मई को होने वाले रोड शो की तैयारी परखने के लिए चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने देर रात तय रूट का निरीक्षण किया।

# भाभी से दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी की तलाश में पुलिस

## देवर ने वीडियो बनाकर वायरल करने की दी थी धमकी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** सारनाथ में एक युवक ने अपनी भाभी से रेप किया। वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी भी दी। युवक के साथ लिवइन में रह रही उसकी पत्नी भी इस घटना में शामिल रही। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद में मेरे देवर ने मेरे साथ ऐसा किया, और बोल रहा था मेरा बदला पूरा हो गया। विरोध करने पर उसने मेरे साथ मारपीट भी की। सारनाथ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर पंचकोशी इलाके की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति और उसके देवर का आपस में विवाद चल रहा था। विवाद में सुलह की बात को लेकर देवर ने अपने मकान पर बुलाया था। मैं अपने पति के साथ जब देवर के घर पहुंची तो उसने मेरे पति को बाजार से कचौड़ी और जलेबी लाने के लिए भेज दिया। पति के बाजार जाते ही देवर ने कमरा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया और बोला कि तेरे पति से से आज मेरा बदला पूरा हो गया। पुराना हिसाब चुकता हो गया। महिला घटना से आहत होकर रोने लगी तभी उसका पति भी घर पर आ गया और महिला अपने पति के साथ अपने घर गई और पूरी घटना के बारे में अपने पति को बताया। महिला ने अपनी तहरीर में बताया की देवर के साथ रहने वाली उसकी कथित पत्नी अपराधी किस्म की महिला है। जिसका अपने पूर्व पति से दो बच्चे भी हैं और बिना तलाक हुए देवर के साथ रह रही है।

## बरेका के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को किया सम्मानित



**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** बनारस रेल इंजन कारखाना में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती गौरी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती श्वेता सिंह के नेतृत्व में मई दिवस के अवसर पर गुरुवार को बरेका में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिनकी बरेका में 20 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो गया है या जिनकी सेवानिवृत्ति समीप हो, ऐसे कुल 27 कर्मचारियों को संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती नीलम गुप्ता के साथ ही अन्य सदस्याओं ने उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन की सदस्याओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की कोषाध्यक्षा श्रीमती अनुप्रिया सिंह के साथ ही अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# सीमेंट कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

## मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद की उठाया कदम, पुलिस ने जब्त की पिस्टल

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** भेलूपुर थाना क्षेत्र स्थित कंकड़वावीर बाबा मस्जिद खोजवा में गुरुवार दोपहर को साजिद अली बबलू हाजी ने लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। रामनगर से मस्जिद पहुंचे सीमेंट कारोबारी ने नमाज पढ़ने के बाद हॉल के बाहर आत्मघाती कदम उठाया। गोली चलते ही परिसर में हडकंप मच गया। आनन-फानन जुटे लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस और आला अधिकारी जांच पड़ताल में जुट गए। वृद्ध की शिनाख्त के बाद पिस्टल जब्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। डीसीपी काशी प्रमोद कुमार ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के मकबूल आलम रोड खजुरी निवासी साजिद अली बबलू हाजी सीमेंट के कारोबारी हैं। रामनगर में उनकी दुकान है। उनका परिवार खजुरी में रहता है। बेटा कारोबार में सहयोग करता है। गुरुवार को घर से निकलकर रामनगर दुकान पर गए थे। फिर दोपहर बाद नमाज पढ़ने के लिए कंकड़वावीर बाबा मस्जिद खोजवा में पहुंचे थे। पहले स्थानीय नमाजियों के साथ नमाज पढ़ी और फिर हॉल से बाहर बरामदे में आ गए। बाहर निकलकर अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर और कनपटी में सटाकर खुद को गोली मार ली। फायरिंग के बाद हडकंप मच गया और आसपास के लोग भी मस्जिद में पहुंच गए। कुछ देर बार पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाई और फिंगर प्रिंट समेत साक्ष्य जुटाए। भेलूपुर पुलिस ने एसीपी, डीसीपी, एडीसीपी को घटना की जानकारी दी, तो आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। सूचना पर सीमेंट कारोबारी के बेटे अशरफ और भाई भी घटनास्थल पर पहुंचे।

## बीडीओ ने आधा दर्जन सचिवों का वेतन रोका

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** चिरईगांव बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय ने गुरुवार को मातहतों संग मीटिंग की। इस दौरान विकास कार्यों की समीक्षा की। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण शुरू न होने पर आधा दर्जन सचिवों का वेतन रोकने की कार्रवाई की। सख्ती से सचिवों में खलबली मची रही। उन्होंने बताया कि 6 मई को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ न होने पर नाराजगी जताते हुए दो दिनों के अंदर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया था। सीडीओ के निर्देश के बावजूद भी कार्य प्रारम्भ नहीं करने पर लापरवाही बरतने वाले 6 ग्राम पंचायत सचिवों के मई माह का वेतन भुगतान अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। चिरईगांव के डुबकियां, नरपतपुर, शाहपुर, पहड़िया, बभनपुरा, नवापुरा, खानपुर, पियरी, धराधर आदि गांवों में स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है।

# पीएम के नामांकन से पहले सबसे बड़ा ड्रोन शो

## दशाश्वमेध घाट पर एक साथ उड़े एक हजार ड्रोन

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** पीएम मोदी के नामांकन से पहले सबसे बड़े ड्रोन शो का आगाजगुरुवार को गया। ये शो लगातार 4 दिनों तक होगा। 88 घाटों से गंगा के ऊपर भव्य ड्रोन शो का नजारा दिखा। दशाश्वमेध घाट पर गंगा गंगा आरती के तुरंत बाद 7.45 पर इस अनोखे ड्रोन शो का आयोजन शुरू हुआ। एक हजार ड्रोन 15 मिनट में पिछले 10 साल में बदलते बनारस का अक्स दिखाया। विकास और संस्कृति का पूरा पैकेज हवा में गंगा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने देखा। इस दौरान काशी में हुए विकास कार्यों के साथ-साथ 'फिर एक बार मोदी सरकार' और



'अबकी बार 400 पार' का नारा गूंजा। यह आयोजन 12 मई तक दशाश्वमेध घाट पर होगा। कमल का फूल, डमरू, विश्वनाथ दरबार, गंगा विलास क्रूज और नमो घाट को ड्रोन से दिखाया गया। मुंबई से आए 40 युवा और टेक्नोक्रेट्स की टीम 1000 ड्रोन उड़ा रही। गंगा पार रेती में ड्रोन उड़ाने और कंट्रोल की तैयारी है। आयोजकों ने बताया- 4 दिन तक ड्रोन शो का पैटर्न सेम है। ड्रोन चलाने वालों ने इसके लिए महीनों प्रैक्टिस की है। ड्रोन टीम मेंबर सायली कुलकर्णी ने कहा- काशी के ज्यादातर हेरिटेज भवनों को काशीवासी आसमान में देखा। 12 मई तक ये ड्रोन शो रेगुलर होगा। 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 6 किलोमीटर लंबा रोड शो निकलेगा। इससे पहले बुधवार की रात इस ड्रोन शो का अभ्यास भी किया गया था। लोगों का मानना है कि बीजेपी ने प्रचार का तरीका बदला है। पहली बार चुनाव में किसी पार्टी के प्रचार-प्रसार में इस तरह का ड्रोन शो किया जा रहा है। इस ड्रोन शो से युवा और श्रद्धालु काफी अट्रैक्ट होंगे। साथ ही इंफ्लूएंशर्स के द्वारा देशभर में काशी के विकास का जोरदार प्रमोशन भी हो जाएगा।



# संपादकीय


## धन-बल-छल

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय के छापे में झारखंड की राजधानी रांची में राज्य सरकार के एक मंत्री के निजी सचिव के सहायक के घर से करोड़ों रुपये के ढेर बरामद होना, हर नागरिक को परेशान कर गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि यह धन कैसे जुटाया गया होगा और चुनाव के दौरान इसकी क्या भूमिका हो सकती है। लेकिन सवाल यह है कि एक अदने से आदमी के घर इतना धन कैसे पहुंचा? कौन इस खेल के खिलाड़ी हैं? पैसा किसका था? निस्संदेह, ऐसे तमाम सवाल आम नागरिकों को परेशान करते हैं। हालांकि,यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता से जुड़े एक मामले में हुई थी, जिसे पिछले वर्ष ईडी ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। धनशोधन का एक हिस्सा मंत्री के निजी सचिव व उसके घरेलू सहायक से भी जुड़ा था। जाहिर बात है कि सचिव व सहायक तो मात्र मोहरे हैं और बड़े स्तर के संरक्षण के बिना नोटों के अंबार नहीं लगाये जा सकते। प्रकरण यह भी बताता है कि कैसे विकास कार्यों का पैसा उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से राजनेताओं तक पहुंचता है। बहरहाल, हाल के दिनों में आम चुनाव की प्रक्रिया में चुनाव आयोग की सख्ती के चलते भारी मात्रा में जो नगदी आदि बरामद की गई है, वह भी चौंकाने वाली है। पहले चरण के मतदान से पूर्व चार हजार छह सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो चुकी थी। यह बरामदगी आजाद भारत के आम चुनावों के दौरान हुई सबसे बड़ी बरामदगी है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो रही है। इस बरामदगी में पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा मादक पदार्थों का रहा है। जाहिर है ये नगदी, सामान व नशीले पदार्थ मतदाताओं को बहकाने,भ्रमित करने व लुभाने के लिये ही ले जाए जा रहे थे। ये कोशिशें धनबल के जरिये चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की हो रही थीं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव के दौरान काले धन को सफेद करने की कवायदें खासी तेज हो जाती हैं। इस कालेधन का महज एक छोटा हिस्सा ही चुनाव आयोग और दूसरी नियामक एजेंसियों की नजर में आता है। राजनीतिक दल भी पांच साल तक ज्ञात-अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित धन को चुनावी चंदा बताकर मतदाताओं को बहकाने-लुभाने में खर्च करते रहे हैं। बहुत सारे अनैतिक धंधों से जुड़े लोग भी चुनाव के दौरान जीतने वाले राजनीतिक दल या प्रत्याशी को आर्थिक सहायता देकर बाद में मोटा मुनाफा हासिल करते हैं। यह विडंबना ही है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हम अपनी चुनाव प्रणाली को पारदर्शी व स्वतंत्र नहीं बना सके। यही वजह है कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले संदिग्ध धन का उपयोग कई तरीके से किया जाता रहा है। हाल के दिनों में शीर्ष अदालत की सक्रियता से चुनावी बॉन्डों के लेनदेन में जो विसंगतियां उजागर हुई उसे सारे देश ने देखा। कैसे दागदार कंपनियां भी चुनावी बॉन्ड खरीदकर पाक-साफ बनी और बड़ी योजनाएं हासिल करने में सफल हुई। जाहिर है कि बड़ी कंपनियां राजनीतिक दलों के चंदे में निवेश इसी मकसद से करती हैं कि जब उनकी सरकार बने तो मुनाफे के शार्टकट हासिल किये जा सकें। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की कारगुजारी पर नजर रखने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं ने कई ऐसे रुझान उजागर भी किये। इस मामले में अदालतों के अलावा चुनाव आयोग को भी अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप लोकतंत्र को प्रभावित करने वाले धनबल पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कदम उठाने होंगे। इस दौरान उन सरकारी अधिकारियों पर भी निगाह रखी जानी चाहिए जो अनुचित ढंग से राजनीतिक दलों को मदद करने का प्रयास करते हैं। उनकी कोशिश होती है कि भविष्य में उस दल की सरकार बनने पर मलाईदार पद व मनचाही पोस्टिंग हासिल की जा सके। आयोग को चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुचित धन के प्रवाह पर अंकुश लगाने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। इस दौरान मादक पदार्थों व शराब की बड़ी मात्रा में बरामदगी भी गंभीर चिंता का विषय है। चुनाव आयोग की शक्तियों के विस्तार की भी जरूरत महसूस की जा रही है।



साधक नाम जपहिं लय लाएं।
होहिं सिद्धि अनिमादिक पाएं।।

# अक्षय तृतीया: पुण्य, समृद्धि और शुभता का पावन अवसर



**प्रो. राकेश पांडेय**
भूतपूर्व प्रोफेसर और संयोजक विरासत प्रबंधन, इतिहास विभाग ,सामाजिक विज्ञान संकाय ,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

**अक्षय तृतीया हिंदू धर्म में एक अत्यंत शुभ और महत्वपूर्ण त्योहार है जो वसंत ऋतु के अंत में वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। "अक्षय" शब्द का अर्थ "अविनाशी" या "अमिट" होता है, जो इस त्योहार की अपार महत्ता और अनुकूल परिणामों को दर्शाता है।**



### सांस्कृतिक महत्व

अक्षय तृतीया सांस्कृतिक रूप से भी एक महत्वपूर्ण त्योहार है भारत के कई हिस्सों में, इस दिन आम की बढ़ई की जाती है, जिससे यह ताजे आमों के मौसम की शुरूआत का प्रतीक बन जाता है। कुछ समुदाय इस दिन अजीब या विचित्र व्यंजन बनाते हैं जैसे "केसरी भात" या "कढ़ी", जो प्रचुरता और समृद्धि का प्रतीक है। इस वर्ष दस मई को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी।

### धार्मिक महत्व

**अक्षय तृतीया को एक अत्यधिक शुभ दिन माना जाता है जिस पर किए गए धार्मिक कार्य विशेष फल प्रदान करते हैं**

- तीर्थ यात्रा इस दिन बहुत ही शुभ होती है और माना जाता है कि इससे मोक्ष प्राप्त होता है।
- इस दिन किए गए दान, जैसे कपड़े, भोजन या धन, को अक्षय या अमिट पुण्य प्राप्त होता है।
- मंत्र जाप और ध्यान का इस दिन विशेष प्रभाव होता है, जिससे आध्यात्मिक उन्नति होती है।
- विवाह संस्कार और अन्य शुभ कार्य अक्सर इस दिन आयोजित किए जाते हैं, यह मानते हुए कि इससे जोड़े को सुखी और समृद्ध वैवाहिक जीवन मिलेगा।



### पर्व का पौराणिक महत्व

**पौराणिक कथाओं के अनुसार, अक्षय तृतीया को कई महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी माना जाता है**

इस दिन, त्रेता युग की शुरूआत हुई, जिस समय भगवान राम का जन्म हुआ था। परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार, इसी दिन प्रकट हुए। इस दिन, सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से पुनर्जीवित किया, जो उनके पतिव्रता धर्म और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। माता लक्ष्मी इसी दिन अपनी यात्रा के दौरान छत्रपति महिष्मति के राज्य में पहली बार प्रकट हुईं।

# पहले आम चुनाव में बलिया ने दिखाए बागी तेवर





आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे-तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। आम चुनावों के बीच तमाम तरह से मुद्दे छाये हुए हैं.. कुछ जगहों पर बाहरी उम्मीदवार को लेकर स्थानीय वोटर और पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। ऐसी कहानियां तमाम पार्टियों की हैं। कभी पार्टी अनुशासन का भय दिखाकर तो कहीं पुचकार कर कार्यकताओं को मनाया जा रहा है। ताकि वे समर्थक वोटरों को मतदान केंद्र तक ला सकें। लेकिन कई जगह वोटरों को मनाना पार्टियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तो कई जगहों पर बाहरी उम्मीदवार के पीछे स्थानीय कार्यकर्ता अभिभूत नजर आ रहे हैं। जितनी भारत की संस्कृति विविधरंगी है, जितना बहुरंगी अपना समाज है, उतने ही रंग चुनाव में भी दिख रहे हैं। आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे-तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। लेकिन उसी नेहरू की बात को बलिया ने एक नहीं सुनी। ठीक उसी अंदाज में कांग्रेसी आलाकमान से बगावत कर दिया, जिस अंदाज में एक दशक पहले अंग्रेजों से बलिया का शासन छीन लिया था। दूसरे आम चुनाव में पंडित नेहरू ने गोविंद मालवीय को बलिया में कांग्रेस का उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया था। गोविंद मालवीय कोई मामूली शख्सियत नहीं थे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, कांग्रेस और हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे पंडित मदनमोहन मालवीय के बेटे थे। गोविंद मालवीय की भी ख्याति मशहूर शिक्षाविद् के रूप में थी। नेहरू को लगा कि महामना मालवीय की प्रतिष्ठित विरासत और कांग्रेसी साख के साथ गोविंद मालवीय बलिया से चुनावी नैया पार लगा ले जाएंगे। नेहरू ने तब बलिया के कांग्रेस नेताओं से सलाह लेना भी उचित नहीं समझा। बलिया के वरिष्ठ पत्रकार अशोक जी बताते हैं कि दरअसल बलिया की कांग्रेस कमेटी ने पहले चुनाव की उम्मीदवारी के लिए दो लोगों मुरली मनोहर श्रीवास्तव और उनके पिता और मशहूर पत्रकार दुर्गा प्रसाद गुप्त के नाम सुझाए थे। लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने संविधान सभा के सदस्य रहे और कुछ ही दिन पहले काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद से हटे गोविंद मालवीय को उम्मीदवार बना दिया। बलिया के लोगों को यह नागवार गुजरा। उन्हें गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी मंजूर नहीं हुई। ऐसा नहीं कि बलिया के लोग महामना मालवीय को नहीं जानते थे। ऐसा भी नहीं कि गोविंद मालवीय के बारे में स्थानीय लोगों को पता नहीं था। लेकिन बलिया को बाहरी उम्मीदवार मंजूर नहीं था। बलिया के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं ने कांग्रेस के तत्कालीन आलाकमान के सामने स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग रखी। लेकिन उनकी मांग नकार दी गई। नेहरू ने गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी हटाने से इनकार कर दिया। बलिया के लोगों को यह बात नागवार लगी। बयालिस के आंदोलन में अंग्रेजों से आजादी हासिल कर लेने वाले बलिया के लोगों को बाहरी उम्मीदवार पसंद नहीं आया। बलिया के गांवों, चट्टी-चौराहों पर बाहरी उम्मीदवार की चर्चा आम हो गई। गोविंद मालवीय से लोगों को निजी तौर पर किसी को एतराज नहीं था। लेकिन बलिया को ऐसा लगा कि बाहरी उम्मीदवार एक तरह से उनके स्वाभिमान को चुनौती है। बलिया में बाहरी बनाम स्थानीय की चर्चा आम हो गई। गांव-गांव एक राय बनती चली गई कि स्थानीय उम्मीदवार को ही वोट देना है। बलिया के कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं पर स्थानीय उम्मीदवार देने का दबाव बढ़ने लगा। इस दबाव में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने उम्मीदवार की खोज शुरू की और उसकी निगाह जाकर बलिया के प्रतिष्ठित वकील मुरली मनोहर लाल पर टिक गई। मुरली मनोहर लाल को स्थानीय लोग मुरली बाबू के नाम से जानते थे। मुरली बाबू की वकील के रूप में प्रतिष्ठा थी। 1942 में बलिया पर कब्जा करने के बाद अंग्रेज सरकार ने लोगों पर खूब अत्याचार किए। लोगों के खिलाफ तमाम तरह के मुकदमे दर्ज किए गए। संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। लोगों की इस पीड़ा की कहानी फिरोज गांधी तक पहुंची। फिरोज गांधी ने बलिया का दौरा किया था। तब सड़कें नहीं थी, आवागमन के साधन नहीं थे। तब फिरोज गांधी तांगे से पीड़ितों के पास पहुंचे। लोगों पर हुए अत्याचार और नुकसान की रिपोर्ट तैयार की। उसके बाद उन्होंने मुरली बाबू की अगुआई में वकीलों का एक समूह तैयार किया, जो लोगों पर हुए अंग्रेजी शासन के अत्याचार को अदालत में चुनौती दे सके। फिरोज गांधी से मिली जिम्मेदारी का मुरली बाबू ने पूरी शिद्दत से निभाया था। इस वजह से भी बलिया में उनकी प्रतिष्ठा थी। उस दौर के लोग बताते हैं कि शुरू में मुरली बाबू चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुए। लेकिन जन दबाव में उन्होंने चुनावी मैदान में उतरना स्वीकार किया और कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार गोविंद मालवीय के खिलाफ ताल ठोक दिया। गोविंद मालवीय के सम्मान में कांग्रेसी दिग्गजों की बलिया में सभा भी हुई। लेकिन बाहरी बनाम स्थानीय का मामला नहीं थमा। यह मामला इतना तूल पकड़ा कि गोविंद मालवीय चुनाव हार गए। निर्दलीय लड़े मुरली मनोहर लाल चुनाव जीत गए। आजादी के बाद के पहले ही चुनाव में बलिया ने अपना बागी रूख दिखा दिया।

## आज का राशिफल





**मेष-** दिनशुभ, आकस्मिक लाभ का सुयोग, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, बुद्धि का विकास, व्यक्तिगत समस्याओं में कमी, व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूलता।

**वृषभ-** व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कार्य क्षमता में वृद्धि ।

**मिथुन-** किसी योजना को लेकर परेशान, शारीरिक मानसिक कष्ट, वैवाहिक अड्चनें, उत्पन्न, मित्रों-परिजनों से तनाव की स्थिति, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

**कर्क-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, शत्रु परास्त, नौकरी में प्रोन्नति, मनोबल में वृद्धि ।

**सिंह-** प्रगति का सुयोग, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, पारस्परिक सम्बन्धों में अनुकूलता।

**कन्या-** विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, नवसम्पर्क, भौतिक सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, संभावित यात्रा संतोषजनक ।

**तुला-** व्यावसायिक चिन्ता, पारिवारिक उत्तरदायित्व को निभाने हेतु व्यय, प्रियजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, मेल-मिलाप में अरुचि, बौद्धिक क्षमता में कमी का अहसास ।

**वृश्चिक-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

**धनु-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, अधूरे कार्य बनने की ओर, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, वैवाहिक अड्चनें समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**मकर-** अभीष्टसिद्धि का प्रयास सार्थक, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख के साधन सुलभ, परिवार में खुशी ।

**कुम्भ-** कार्यों के प्रति असंतोष, व्यावसायिक हानि, परेशानियों के कारण स्वयं की प्रतिभा कुंठित, आपसी तालमेल का अभाव, जीवन साथी से मतभेद, धन लाभ में कमी ।

**मीन-** दिनमान अनुकूल, प्रियजनों के माध्यम से कार्यसिद्धि, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तित्व का विकास, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, संत-समागम।

# पसंद का घर

**हां एक हम थे, मां हमें समझा कर काम पर जाती थीं पर फिर भी कुछ ढंग से न होता था। कब खाया, कब नहाया, कई बार तो हम बिना खाएपीए ही बैठे होते थे।**

**गतांक के आगे...**

ताईसास ने तुरंत मेरा व्रत बंद करवा दिया। सासजी मुझे सुबहशाम अपने साथ मंदिर ले जाने के बहाने हवाखोरी करवाने लगीं। जो ससुरजी चाय के रसिया थे चाय बिलकुल बंद कर दी, कहते, जिस दिन बहू मुझे खिलौना देगी, अब चाय उसी दिन शुरू करूंगा। जेठजी तो मुझे मानते ही थे। वैसी बड़ी कमाई न थी उन की, फिर भी मैं कुछ कह दूं वह बात पूरी होते देर न लगती। ननद मेरा एकएक काम खुद करती। देवर ने कभी फिर खाने को ले कर किसी को परेशान नहीं किया। जेठानी अकेली रसोई में होतीं तो वह भी कभीकभी जुट जाता। उन्हीं दिनों मैं ने महसूस किया था कि प्यार के बदले सिर्फ अदायगी में प्यार ही मिलता है। सासजी ने पहला उपहार पोता पाया था और रहीसही कसर पोती भी देते ही मैं सब की आंखों का तारा बन गई। सास तो मेरी मां बन गईं। वे मेरा इतना खयाल रखने लगीं जैसे मैं धरती की नहीं, कहीं और की जीव हूं। उन्होंने मेरे दोनों बच्चों को खुद संभाल लिया और मैं नौकरी करने लगी थी। मैं कहीं भी आतीजाती, मुझे इस बात की चिंता करने की कोई जरूरत ही न पड़ती कि बच्चे क्या कर रहे होंगे? अपनी मां की तरह मुझे कोई परेशानी नहीं थी। यह बड़ा परिवार कैसे बच्चों के लिए सुरक्षागृह, मनोरंजन- शाला सबकुछ था, यह मैं ही देख कर अनुभव करती थी। न किसी अकेलेपन का भय, न किसी आकस्मिक संकट पर साथी की तलाश। सबकुछ तो घर में ही था। न कोई आया, न चपरासी, न पहरेदार। बच्चे कब खाएंगे, कब सोएंगे, कब नहाएंगे, सब का हिसाब मांजी के पास तय था। एक हम थे, मां हमें समझा कर काम पर जाती थीं पर फिर भी कुछ ढंग से न होता था। कब खाया, कब नहाया, कई बार तो हम बिना खाएपीए ही बैठे होते थे।

यहां तो अपने बच्चों के खानेपीने का ध्यान बस मैं छुट्टी के ही दिन सोचती। 6 दिन बड़ी ही निश्चिंतता से मैं ने घर भर में बांट रखे थे। फिर इसी के 4-5 वर्ष पश्चात मेरी जिंदगी को बड़ा झटका लगा था। पतिदेव बड़ी ही निर्ममता से कुछ बदमाशों की गोलियों का शिकार हो गए। बहुत ही बहादुरी से उन्होंने उन का सामना किया, इस एवज में उन्हें सामाजिक संगठनों, दफ्तर की ओर से, सरकार की ओर से इनाम मिले थे, वाहवाही मिली थी। पर जो सब से बड़ी चीज मुझे अपनी तपस्या, अपने प्रयत्नों से प्राप्त हुई थी, वह थी इस घर से मिली सुरक्षा और सुखी आश्रय। पूरे घर ने मुझे और मेरे बच्चों को अपनी बांहों में समेट लिया। मेरा एक बूंद आंसू न मेरे आंचल में टपका न जमीन पर। सारे के सारे परिवार के सदस्यों ने हथेलियों में बटोर लिए थे। मुझे कभी लगा ही नहीं कि मैं बेसहारा हो गई हूं। बड़ा परिवार आदमियों का बोझ नहीं होता। यह मैं शिद्दत से जान पाई। सहयोग और समझदारी होने पर वटवृक्ष सा छाया देता है, बस जरूरत है उसे ढंग से सहेजने की। 2 जनों वाले परिवारों के सदस्यों को मैं ने ऐसे कठिन वक्त में अपने अकेलेपन से जूझते देखा था। हारते देखा था, बीमार मानसिक रोगियों की भांति हवा से बातें करते देखा था, लड़तेझगड़ते देखा था। पर मैं कुछ ही समय में अपने खालीपन से मुक्त हो कर कर्ममार्ग में लग गई थी। दिन भर बच्चों को प्यार करने वाले बड़े चाचा, चाची, ताईजी, सासजी, छोटे देवर सब ही तो थे। छोटे देवर तो आज तक खुद को चाचा के बजाय बच्चों से पापा कहलवाते थे। यह अवश्य हुआ कि वक्त जैसेजैसे भागा, ताईजी, सासजी, ननद का साथ छूट गया। नौकरी के तबादले ने जेठजी, देवरजी दोनों को दूर कर दिया। पर जरूरत के उन दिनों में मेरे जख्मों पर उन्होंने अपनी आर्थिक सुरक्षा का जो मरहम लगाया था, वह उसी बड़े परिवार वाले घर की तो देन थी। अगर कहीं हठ और वर्तमान सुविधा के लालच में मैं ने वह घर छोड़ दिया होता या सदा अपने रोष का दामन थामे रहती तो उन अकेले पड़ गए दिनों में कौन काम आता। उस बड़े घर को कैसे भूल सकती हूं? मेरे लिए दुश्मनों का वह घर कब पसंद के घर में बदल गया, इस का मुझे एहसास ही नहीं हो पाया। पसंद का घर क्या स्वयं मिल जाता है, ऐसा ही मेरी सासजी कहती थीं। उम्मी की शिकायत भले ही आज न मिटे, कल को उस के व्यवहार से स्वयं मिट जाएगी, उसे किस तरह बताऊं। यह तो तय है कि अंततः मैं समझा कर उम्मी को उस के ससुराल भेज दूंगी पर सोचती हूं ये बच्चियां जाने कब समझ पाएंगी कि जिस तरह सीमेंट, गारा, ईंट, मजदूरों की बदौलत रहने को लोग अपनी पसंद के घर का निर्माण करते हैं, उसी तरह रिश्तों के पसंद का घर धैर्य व विश्वास के द्वारा ही निर्माण किया जाता है।

## कैमरा और मैं (व्यंग्य)

हमारे भोजन अनुभवों पर कैमरे के प्रभाव के बारे में बात नहीं करेंगे तो कैमरा दुखी हो जाएगा। केवल भोजन का आनंद लेने के बजाय, हमें खाने पर विचार करने से पहले हर कल्पनीय कोण से प्रत्येक व्यंजन की तस्वीर खींचनी होगी। आह! कैमरा, एक चमत्कारी आविष्कार जिसने हमारे जीवन का दस्तावेजीकरण करने और यादें साझा करने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। इसमें सबसे खूबसूरत पलों को कैद करने, समय को स्थिर रखने और हमारी सबसे शर्मनाक घटनाओं को अमर बनाने की शक्ति है। आइए कैमरे की सराहना करने के लिए कुछ समय निकालें, और उन सभी हास्यास्पद परिदृश्यों की सराहना करें जिनमें इसने हमें प्रवेश कराया है। सबसे पहले बात करते हैं सेल्फी की उम्र के बारे में। कैमरे ने हम सभी को सेल्फ-पोर्ट्रेट विशेषज्ञों में बदल दिया है। हममें से प्रत्येक हर समय अपने निजी ह्यपपराजीह्न (उन फोटोग्रैफर को कहते हैं जो अभिनेता, नेता, राजनेता के दिनचर्या के फोटो खींचते हैं।) उपकरण से लैस होता है। क्या आप किसी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक त्वरित तस्वीर खींचना चाहते हैं? सबसे आकर्षक रोशनी के लिए बस कैमरे को झुकाएँ, एक मुद्रा बनाएं और खींच जाएगी आपकी आत्म-महिमा। और क्या हम फिल्टर और संपादन ऐप्स की अंतहीन धारा के बारे में बात कर सकते हैं जो जादुई रूप से किसी भी साधारण तस्वीर को कला के टुकड़े में बदल देती है? जब उनके पास कुत्ते के कान और उनके सिर पर एक चमकदार प्रभामंडल लगा हो तो उन्हें वास्तव में अपने जैसा दिखने की जरूरत किसे है? आखिरकार, जीवन का दस्तावेजीकरण करने का क्या मतलब है अगर यह आपके सर्वोत्तम आभासी स्व को प्रदर्शित नहीं करता है? आइए "स्पष्ट" फोटो की क्रोनोलॉजी को न भूलें। आप उन्हें जानते हैं- जहां कोई दूर तक देखने या किसी अनदेखे चुटकुले पर हंसने का नाटक करता है। उन्हें कम ही पता है, उनके चतुर साथी ने शटर बटन पर पहले से ही अपनी उंगली घुमाते हुए उन्हें इस कृत्य में पकड़ लिया है। आह, स्पष्ट शॉट का जादू- सावधानीपूर्वक मंचन किया गया और निंजा जैसी सटीकता के साथ निष्पादित किया गया। हमारे भोजन अनुभवों पर कैमरे के प्रभाव के बारे में बात नहीं करेंगे तो कैमरा दुखी हो जाएगा। केवल भोजन का आनंद लेने के बजाय, हमें खाने पर विचार करने से पहले हर कल्पनीय कोण से प्रत्येक व्यंजन की तस्वीर खींचनी होगी। हमारे भोजन का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करना महत्वपूर्ण है, अन्यथा हर किसी को कैसे पता चलेगा कि हमने ब्रंच के लिए एवोकैडो टोस्ट खाया था? खाद्य फोटोग्राफी की बात करते हुए, आइए हर भोजन, हर नाश्ते और हर सहज कॉफी ब्रेक का दस्तावेजीकरण करने वाले अंतहीन सोशल मीडिया पोस्ट को न भूलें। हम सभी शौकिया खाद्य आलोचक और पेशेवर खाद्य फोटोग्राफर बन गए हैं, पारखी लोगों का एक समाज जो पहले अपने अनुयायियों के लिए फोटो खींचे बिना खाना खाने में असमर्थ है। "प्रभावशाली लोगों" के उदय के साथ क्या हुआ, वे व्यक्ति जो वास्तव में कैमरे को पूर्णकालिक नौकरी में बदलने में कामयाब रहे हैं? वे आत्म-प्रचार की कला को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं और बड़ी संख्या में अनुयायियों को यह विश्वास दिलाने में कामयाब रहे हैं कि उनका जीवन कभी न खत्म होने वाली छुट्टियों से कम नहीं है। जब आपने सोचा कि आप पूरी जिंदगी जी रहे हैं, तो एक प्रभावशाली व्यक्ति आपसे सवाल करता है कि आप उष्णकटिबंधीय समुद्र तट पर भी मोजिटोस क्यों नहीं पी रहे हैं। आइए "टैगिंग" के रोमांच को न भूलें- अच्छे मनोरंजन के नाम पर, सबसे समझौतावादी, अप्रिय क्षणों में दोस्तों की तस्वीरें कैप्चर करना और साझा करना। ओह, आपके सोशल मीडिया फीड के माध्यम से स्क्रॉल करने और छींक के बीच में आपकी उस आनंदमय तस्वीर पर ठोकर खाने की खुशी, आँखें आधी बंद हैं, और किसी तरह आपके सिर पर लसग्ना की एक डिश रखी हुई है। कैमरे ने हम सभी को शौकिया पपराजी में बदल दिया है, जो लगातार हर घटना, मील के पत्थर और मामूली दिलचस्प क्षण का दस्तावेजीकरण कर रहा है। अब हम केवल जीवन का अनुभव करने से संतुष्ट नहीं हैं- हमें भावी पीढ़ी के लिए भी इसे सावधानीपूर्वक कैद करना चाहिए, भले ही कोई वास्तव में आपकी बिल्ली की जम्हाई लेते हुए 273वीं तस्वीर देखना चाहता हो या नहीं।



# जहरीली गैस से चार की मौत

## सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान हुआ हादसा

### बचाने के चक्कर में मकान मालिक के बेटे ने भी गंवाई जान

परिवर्तन दूत

**पीडीडीयू नगर।** चंदौली के पीडीडीयू नगर (मुगलसराय) में जहरीली गैस से चार लोगों की मौत हो गई। बुधवार देर रात सेप्टिक टैंक की सफाई का काम चल रहा था। 3 मजदूर बारी-बारी से अंदर गए। मगर जाते ही बेहोश हो गए। तीनों को बचाने के लिए मकान मालिक का बेटा अंदर गया, वह भी बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह चारों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान अंकुर (23), विनोद रावत (35), लोहा (30) और कुंदन के रूप में हुई है। घटना देर रात की है।



पूरा मामला मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के न्यू महल इलाके का है। यहां के रहने वाले भारत जायसवाल के मकान में सेप्टिक टैंक की सफाई का काम चल रहा था। मुगलसराय के काली महाल इलाके के 3 मजदूर बुलाए गए थे।

15 साल पुराने सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए एक मजदूर टैंक के अंदर गया। वह जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया। उसे निकालने के लिए दूसरा-तीसरा मजदूर अंदर गया। तीनों बेहोश हो गए। यह देखकर भारत का बेटा अंकुर सेप्टिक टैंक में उतरा, लेकिन वह भी बेहोश हो गया। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। सेप्टिक टैंक से किसी तरह चारों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। दीपू ने बताया कि कुंदन ने सेफ्टी टैंक की सफाई करने का सौदा तय किया था। बुधवार की रात 11 बजे हम लोग भरत जायसवाल के घर पहुंचे। इसके बाद टीन काटने और कनेक्शन को रस्सी जोड़ने करीब 1 घंटे का समय लगा। उसके बाद हमने टैंक से पानी निकलना शुरू किया। टैंक की ऊंचाई के अनुसार हमने कमर तक पानी निकाला। इसके बाद पहले सुमित उर्फ लोहा अंदर उतरा लेकिन वह गश्त खाकर उसमें गिर गया। इसके बाद कुंदन ने उसे निकालने की कोशिश की और वह भी अंदर चला गया। विनोद उन दोनों को बचाने का प्रयास करने लगा लेकिन वह भी टैंक में फंस गया।

### परिजनों को 4-4 लाख मुआवजा मिलेगा

घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की है और पूरी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन ने आपदा राहत कोष से मृतकों के परिजनों की आर्थिक मदद की है। बताया जा रहा है कि डीएम और एसपी में मौके पर पहुंचकर मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो चबूतरे से टकराई, दो घायल

**चन्दौली (परिवर्तन दूत)।** मुगलसराय में स्थानीय कोतवली क्षेत्र के कैलाशपुरी स्थित एक मेडिकल में उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर एक बाइक से टकराने के बाद दुकान के चबूतरे से जा टकराई। जिसमें स्कॉर्पियो चालक व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि काले रंग की एक स्कॉर्पियो कैलाशपुरी के तरफ जा रही थी। इसी बीच अचानक मोड़ आ गया। तेज रफ्तार होने के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई। एक मेडिकल की दुकान के सामने खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए। दुकान के चबूतरे से जा टकराई। जिसकी वजह से वहां खड़ी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। चबूतरे से टक्कर इतना जोरदार था कि स्कॉर्पियो का अगले का भाग का पूरी तरह से पर खच्चे उड़ गए। स्कॉर्पियो में लगा शीशा चकनाचूर हो गया।

# चन्दौली : तीन प्रत्याशियों से भरा पर्चा

## चार लोगों ने खरीदा नामांकन का फॉर्म





परिवर्तन दूत

**चंदौली।** जिले में नामांकन के तीसरे दिन चंदौली लोकसभा संसदीय सीट के चुनाव के लिए तीन प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन दाखिल किया गया, जबकि चार प्रत्याशियों ने लिए फार्म खरीदा है।

बता दें कि चंदौली लोकसभा सीट के लिए तीसरे दिन केवल 3 प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन दाखिल करने का कार्य किया गया। तीसरे दिन गुरुवार को सबसे पहले चंदौली लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में लियाकत अली कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल करने का कार्य किया।

इसके बाद दूसरे प्रत्याशी के रूप में समझदार पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामगोविंद ने समझदार पार्टी के तरफ से लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा तीसरे प्रत्याशी के रूप में भागीदारी पार्टी प्रदेश प्रमुख महा सचिव शोभनाथ की ओर से नामांकन दाखिल किया गया।

इस दौरान नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए की रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात रही। वहीं प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों के साथ नामांकन स्थल पहुंचकर नामांकन दाखिल करने का कार्य किया गया।

इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 4 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है, जिसमें एक निर्दल प्रत्याशी सम्मिलित है।

इसके अलावा मनोज कुमार प्रजापति (निर्दल), सिद्धार्थ प्रान बाहु (निर्दल), धर्मेन्द्र कुमार सिंह (निर्दल) और कुलकर्णी देवा (निर्दल) प्रत्याशी के रूप में नामांकन फॉर्म खरीद कर अपनी दावेदारी पेश करने वाले हैं।

## दहेज हत्या में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो।** थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत नारायण कॉलोनी कस्बा ज्ञानपुर में विवाहिता प्रियंका चौधरी उम्र करीब 30 वर्ष पत्नी आरक्षी रत्नेश कुमार पुत्री छेदीलाल निवासी शहर कोतवाली गाजीपुर जनपद गाजीपुर का फंदे से लटकता हुआ शव बरामद हुआ था। सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण सहित स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका के पिता द्वारा आरोपी पति व ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज हत्या व प्रताड़ना के संबंध में दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुअसं-48/2024 धारा-498ए, 304बी व 3/4 डीपी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ मीनाक्षी कात्यायन, एसपी ने महिला सम्बंधित अपराध में त्वरित कार्यवाही एवं पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों- आरोपी पति आरक्षी रत्नेश कुमार, सास पान देवी व अंशु को गिरफ्तार किया।

## बाइक के धक्के से वृद्ध की मौत



परिवर्तन दूत

**अहरौरा, मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के घाटमपुर सोसाइटी के पास तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने सड़क पर खड़े अधेड़ को मारा टक्कर। जिससे बाइक सवार और अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की रात घाटमपुर निवासी सेचन प्रसाद पुत्र जगरदेव (55) वर्ष किसी कार्यवश वाराणसी गए हुए वापस लौटते समय ऑटो से सवार होकर घाटमपुर के पास उतरकर घर जा रहे थे कि वाराणसी के साइड से आ रही तेज रफ्तार बाइक युवक शिवम बिन्द पुत्र रामदुलार बिंद (20) वर्ष निवासी मानिकपुर जोरदार धक्का मारकर खुद सड़क गिर गया। जिससे दोनो दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहूंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया इलाज के लिए। जहां पर चिकित्सको ने सेचन प्रसाद को मृत घोषित कर दिया जबकि शिवम बिन्द को प्राथमिक उपचार करने के बाद सुरक्षित घर भेज दिया गया। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही में जुट गई।

## सत्यापन कराने में बीत गये डेढ़ महीने नहीं आई किताबें


**चंदौली (परिवर्तन दूत)।** जिले में नए शैक्षणिक सत्र का एक माह यानी अप्रैल बीत गया। लेकिन, अभी तक कक्षा एक व दो की एक भी किताब नहीं आई है। ऐसे में कक्षा एक व दो के छात्र छात्राएं किताबों से वंचित रह जाएंगे। वहीं अन्य कक्षाओं के लिए आई पुस्तकें बीआरसी की शोभा वन कर रह गई हैं। लोकसभा चुनाव कराने में अधिकारी व शिक्षक जुटे हैं। पठन-पाठन भी बेपटरी है, क्योंकि शिक्षक व अफसरों की प्राथमिकता पढ़ाई से अधिक लोकसभा का चुनाव है। आपको बता दें कि जनपद में 738 प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें कक्षा एक में 21 हजार 978 व दो में 19 हजार 365 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर विद्यालयों की विल्डिंग को तो बेहतर बनाने की कवायद चल रही, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता पर बिल्कुल भी घ्यान नहीं दिया जा रहा। इसी वजह से आज भी परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की स्थिति बेहद खराब है।

## आशनाई में हुयी थी पुजारी की हत्या

परिवर्तन दूत

**चंदौली।** जनपद के सदर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के मधुपुर गांव में दिव्यांग पुजारी की हत्या का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारा उस लड़की का भाई बताया जा रहा है, जो पुजारी की देखभाल व सेवा के लिए काम करती थी। दोनों के प्रेम प्रसंग के कारण ये हत्या हुयी है।

सदर कोतवाली में बुद्धवार को भोलानाथ सेठ पुत्र स्व. द्वारिका सेठ, ग्राम मद्धुपुर द्वारा तहरीर दिया कि उसके छोटे भाई रंगनाथ सेठ की हत्या गांव के ही एक परिवार के लोगों ने मिल कर की है। वह गांव पर रहता था और पैर से विकलांग था। कई कारणों से उसकी शादी नहीं हुयी थी। इसलिये खाना बनाने एवं घर का कार्य करने के लिये गांव की एक लड़की को करीब 12 वर्ष पहले से उसके साथ रखा गया था। लड़की का भाई रमाशंकर विश्वकर्मा को उसके भाई व अपनी बहन पर प्रेम प्रसंग होने का शक होने लगा था, क्योंकि भाई का अधिकांश समय



उसके साथ बीत रहा था। इसी के कारण मेरे भाई रंगनाथ सेठ से पूर्व में उसका झगड़ा भी हुआ था। इसीलिए 7 मई की की सायंकाल में रमाशंकर विश्वकर्मा द्वारा ही उसके भाई की हत्या कर दी गई है। उपरोक्त तहरीर के आधार पर थाना चन्दौली पर मुकमा अपराध संख्या 103/24 धारा 302 भादवि थाना चन्दौली पर पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी। उसी में मिले सुराग और साक्ष्य के आधार पर विश्वकर्मा परिवार पर नजर रखी जा रही थी। साथ ही कई लोगों को उठाकर थाने भी लेकर आयी थी। सीओ सदर राजेश राय ने बताया की थाना प्रभारी चन्दौली गगन राज सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दिनांक 7 मई 2024 को ग्राम मद्धुपुर में युवक की हत्या करने वाला आरोपी रमाशंकर विश्वकर्मा उपरोक्त श्री यमुना इण्टर कालेज कटसिला हाइवे के सामने दक्षिण पटरी सर्विस लेन के पास नहर पुलिया पर कहीं बाहर भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा है। जिसमें चन्दौली पुलिस ने श्री यमुना इण्टर कालेज कटसिला हाइवे के सामने दक्षिण पटरी सर्विस लेन के पास नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर वहां पर खडे अभियुक्त 24 वर्षीय रमाशंकर विश्वकर्मा पुत्र मूलचन्द विश्वकर्मा निवासी ग्राम मद्धुपुर थाना व जिला चन्दौली उम्र को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद हत्या करने वाले अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 7 मई 2024 को अपने गाँव के ही रंगनाथ सेठ को उसी के घर मे रस्सी से गला कस कर हत्या कर दिया था।

## जीआरपी ने 135 मोबाइल लौटायें

**पीडीडीयू नगर।** चंदौली में मुगलसराय में जीआरपी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें विभिन्न मामलों में कुछ इलाकों से गायब हुए कुल 135 मोबाइल फोन बरामद किया है। जिसके बाद गायब मोबाइल को धारकों को वापस किया गया। दरसअल आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर डीडीयू जीआरपी द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया तथा ट्रेनों को चेक किया जा रहा। जीआरपी पुलिस और सर्विलांस टीम द्वारा उक्त चेकिंग अभियान में अभी तक कुल 135 विभिन्न कंपनियों के बरामद किया गया।साथ ही मोबाइल धारकों को फोन सौंपा गया। जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जीआरपी डीडीयू के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किया गया था। आज यानी 9 मई को सभी मोबाइल धारकों को जीआरपी थाने में बुलाया गया और उनका मोबाइल उनके सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त खबरे...

### रेलवे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**चन्दौली (परिवर्तन दूत)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मुगलसराय में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन की डीडीयू रेलवे के अप डिपार्चर के पास मानसरोवर पोखरा पर रनिंग स्टाफ की समस्याओं को लेकर बैठक किया। बैठक में विभिन्न स्थानों पर रनिंग रूम की बदहाल स्थिति, ओटी का भुगतान न होने, बात-बात पर निलंबन की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की गई। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया। तब डीआरएम आफिस पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान रनिंग स्टॉफ ने कहा कि ट्रेनों और मालगाड़ियों के परिचालन की जिम्मेदारी कंधे पर उठाए लोको पायलट और सहायक पायलट अपनी समस्याओं से परेशान हैं। कहा कि लांग आवर ड्यूटी, ओटी का भुगतान 19 माह से न होने, बात-बात चार्जशीट मिलने, सस्पेंड और बुक आफ करने आदि की समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे हैं।

### दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो ।** आज नाम वापसी के दिन किसी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया सभी प्रत्याशियों को उनका चुनाव निशान आवंटित किया गया। लोकसभा के दस उम्मीदवारों का नामांकन वैध, 17 का पर्चा हुआ खारिज हुआ है नाम वापसी के दिन कोई प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। अब चुनाव मैदान में 10 प्रत्याशी बचे हैं। इन प्रत्याशियों के नाम इस प्रकार हैं। उम्मीदवारों की सूची डा. विनोद कुमार बिन्द भाजपा, ललितेशपति त्रिपाठी गठबंधन टीएमसी, हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान बसपा, प्रेमचन्द बिन्दराम प्रकाश मिश्रा, कृष्ण देवपाल, सुशील श्रीवास्तव ,राजनारायण पटेल धीरेन्द्र कुमार तिवारी ,डा0 श्यामधर त्रिपाठी है।

### आबकारी विभाग ने टोल पर किया चेकिंग

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** आबकारी विभाग द्वारा लाल नगर टोल प्लाजा पर जांच पड़ताल किया ।लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी के आदेश एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु जनपद भदोही में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक गुलाब सिंह एवं अनिलकुमार सूर्यभान मय हमराह प्रधान आबकारी सिपाही, आबकारी सिपाही संजय, पवन मिश्रा, भाईलाल सरोज, श्याम नारायण,अरशद जमाल, उदय सिंह, सुरजीत, विनीत सिंह, तौकीर खान, प्रेमानंद,अरूण सरोज, वीरेन्द्र सरोज, शालिनी पटेल और आशा पटेल द्वारा लाला नगर टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग की गई।

### गैर जनपदों में रह रहे मतदाताओं से की अपील

**भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो।** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी , नोडल स्वीप ऑफिसर श्री यशवंत कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन डिस्ट्रिक्ट स्वीप आईकॉन अशोक कुमार गुप्ता राष्ट्रपति अवार्डी शिक्षक एवं उर्मिला देवी द्वारा आज प्राथमिक विद्यालय उमरिया ज्ञानपुर के बूथ पर भ्रमण एवं अनुरोध कार्यक्रम के तहत पहुंचकर गैर प्रान्तों, जनपदों में रह रहे मतदाता दीपक कुमार मुंबई मंजू देवी मुंबई राजू यादव मुंबई कविता देवी मुंबई विनय कोलकाता कृष्ण मुरारी मुंबई शिव शंकर मुंबई तेरस नाथ मुंबई योगेंद्र यादव कोलकाता आदि से टेलीफोन एक वार्ता के माध्यम से 25 मई 2024 को भदोही जनपद में हो रहे लोकसभा चुनाव में अपने घर गांव आकर के अपने-अपने बूथों पर मतदान करने के लिए आग्रह करते हुए निवेदन किया गया कि आप सब अपने मत का अवश्य प्रयोग करें तथा सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

### आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

परिवर्तन दूत

**भदोही।** जंगीगंज के कोनिया क्षेत्र के बसगोती मवईया स्थित ग्राम देवी मंदिर में एक गौरवान्वित उत्सव का आयोजन किया गया। जिसे निशांत सिंह बसगोती ने महाराणा प्रताप की जयंती को समर्पित किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर निशांत सिंह बसगोती ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप को भारतीय इतिहास में एक वीर और साहसी राजा के रूप में जाना जाता है। उनके चरित्र में समर और साहस



की अद्भुत उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने योद्धाओं के साथ मिलकर मुगल साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष किया। महाराणा प्रताप का नाम भारतीय इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में स्थान पाता है, जिसका मान सम्पूर्ण देश देता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन एक उदाहरण है वीरता, साहस, और स्वाधीनता की लड़ाई का। उनके नेतृत्व में राजपूत समुदाय ने मुगल साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष किया और अपने अद्वितीय योद्धाओं के साथ उन्होंने अनेक युद्धों में भाग लिया। महाराणा प्रताप का चरित्र अत्यधिक साहस, धैर्य, और संघर्ष की कहानी से भरा हुआ है। उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया और अपने लोगों की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उनका योगदान भारतीय इतिहास में अविस्मरणीय है, उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अद्वितीय नायक के रूप में स्मरण किया जाता है। निशांत सिंह बसगोती ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें महाराणा प्रताप के वीरता, साहस और धैर्य को समर्पित किया। इस मौके पर धर्मराज, श्याम बहादुर, विकास आदि मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बीएसए ने की बैठक

**भदोही (परिवर्तन दूत)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने नगर क्षेत्र भदोही में स्थित समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ आवश्यक बैठक की। जिसमें समस्त विद्यालयों में कायाकल्प के अंतर्गत कराये गए कार्यों एवं नवीन नामांकन की स्थिति एवं बच्चों को बैठने के लिए समुचित डेस्क बेंच की उपलब्धता के संबंध में चर्चा किया गया। जिन विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। नामांकन कम पाई गई है। इन समस्त विद्यालयों को नामांकन अधिक से अधिक करने हेतु तथा समस्त कक्षा में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिया गया।

## बोलेरो खाई में गिरी, पांच घायल

परिवर्तन दूत

**मिर्जापुर (सं.)।** लालगंज थाना क्षेत्र के पतुलकी गांव में वाराणसी से मध्य प्रदेश हाइवे मार्ग पर गुरुवार श्रद्धालुओं से भरा बोलेरो असंतुलित होकर फ्लाईओवर से लगभग तीस मीटर नीचे गिर गया। इसमें बैजनाथ धाम से लौट रहे पांच श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। दो बच्चे बाल-बाल बच्चे गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिए। मध्य प्रदेश के सीधी व सिंगरौली स्थित बैजनाथ धाम से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। लोगों ने बताया कि वाहन लालगंज थाना क्षेत्र के पतुलकी गांव के फोरलेन फ्लाईओवर पर पहुंचा तो ड्राइवर को झपकी आ गई। तभी वाहन असंतुलित होकर फ्लाईओवर के बीचो-बीच 30 फीट पुल के नीचे जाकर गिर गया। वाहन में सवार मध्य प्रदेश चितरौली धानी निवासी मनीष पाठक(36) उनकी पत्नी रेणु(32) सीधी सोनबरसा निवासी आशा देवी(50), सीधी कालबी निवासी नितेश शर्मा (27), सिंगरौली महुआ घाट निवासी शील मिश्रा(50) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मनीष के दो बच्चे शाश्वत और अनुराग बाल बाल बच गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को एम्बुलेंस चालक एमटी धर्मेंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया।

## आकर्षक पिंक बूथ के मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगी- डॉ. सरोज गुप्ता

**भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी, सुरक्षित मतदान, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन के अन्तर्गत मतदान कार्मिको एवं माईक्रो प्रेक्षक का द्वितीय प्रशिक्षण 14, 15, 16, 17, 18 मई 2024 को सेन्ट थामस स्कूल, ज्ञानपुर में निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक निर्धारित है। प्रशिक्षण हेतु निर्धारित कक्षों में निम्नानुसार सामान्य प्रशिक्षक एवं मास्टर टेनर ईवीएम की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित प्रशिक्षक एवं मास्टर टेनर ईवीएम को आदेशित किया जाता है कि आयोग के निदेर्शों के अनुक्रम में मतदान कार्मिकों एवं माइक्रो प्रेक्षक को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। नियुक्त सामान्य प्रशिक्षक एवं मास्टर टेनर ईवीएम प्रशिक्षण हेतु



निर्धारित दिवसों पर प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 8.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 1.30 बजे तक के निर्धारित कक्ष में उपस्थित हो कर प्रशिक्षण दिलायेगे। पिंक बूथ के मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण डॉ सरोज गुप्ता प्रवक्ता वीएनजीआईसी ज्ञानपुर के द्वारा दिया जायेगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में नियुक्त सभी सामान्य प्रशिक्षक एवं मास्टर टेज्नर दिनांक 13 मई, 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे सेन्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर के सभागार में उपस्थित होकर द्वितीय प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में अद्यतन निदेर्शों की जानकारी करके प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उक्त कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## आधी आबादी की 25 को बूथ पर रहेगी पूरी भागीदारी

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप शत-प्रतिशत मतदान कराने के क्रम में स्वीप के अन्तर्गत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता नवाचार पहल जीआईसी में लगे कालीन कॉरिडोर मॉडल बूथ के पॉचवें दिन जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप प्रभारी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की उपस्थिति व उपायुक्त स्वतः रोजगार राजाराम के नेतृत्व में जनपद के एनआरएलएम की हजारो महिलाओं, सखी, दीदीयों ने कालीन के महत्व के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को समझते हुए प्रतिकात्मक वोटिंग कर उत्साह व गर्वान्वित भाव से मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा जनपद के मतदाताओं को विशेषकर महिला मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया। स्वीप प्रभारी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि कालीन नगरी के लगभग सात लाख मतदाता कालीन उद्योग से जुड़े है।

## गेहूं की कालाबाजारी पर मंडी सचिव की बड़ी कार्रवाई

### दो ट्रक पर लदे छह सौ कुंतल अवैध गेहूं पकड़ा

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** गोपीगंज मंडी समिति के सचिव धीरेंद्र गुप्ता विभागीय टीम के साथ बुधवार को औराई व कावल से अवैध रुप ले जाए जा रहे दो ट्रक गेहू पकड़ा है,गेहू रायबरेली से कोलकाता व कावल से वाराणसी ले जाया जा रहा था। जनपद में गेहूं की कालाबाजारी चरम सीमा पर चल रही है।इस पर अंकुश लगाने के लिए गोपीगंज मंडी सचिव के नेतृत्व अभियान शुरू किया गया है'बुधवार को औराई व कावल से छह सौ कुंतल पकड़ा गया जो दो ट्रक पर अवैध रुप से लादकर ले जा रहे थे।

मंडी सचिव धीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर मंडी निरीक्षक श्रेयष त्रिपाठी के साथ टीम औराई पहुची जहां रायबरेली से कोलकाता की तरफ जा रही ट्रक को रोककर कागजात देखा गया तो उसके पास वैध कागजात नहीं थे और ट्रक पर 300 कुंतल गेहूं लदा था।इसी प्रकार दूसरी कावल से वाराणसी गेहूं के ले जाने की सूचना पर टीम कावल पहुंची जहां कागजात के अभाव में गेहू लदे ट्रक को कब्जे में ले लिया। इस ट्रक पर तीन सौ कुंतल गेहूं लदे हुआ था।मंडी सचिव ने किसानों से अपील करते हुए कहा सभी किसान बिचौलियों को गेहूं न बेचकर सरकारी क्रय केंद्र पर ही गेंहू बेचे। व्यापारियों को निर्देशित किए कि जो भी व्यापारी किसानों से गेहूं क्रय किए है अपने प्रतिष्ठान पर पूरे कागजात उपलब्ध रखे वरना किसी भी दशा में बक्शा नही जाएगा,और माल जब्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही बताए खाद्य विभाग तथा मंडी के अधिकारी लगातार फार्मो पर छापेमारी कर रहे हैं। शासन द्वारा निर्देश दिए गए है कि गेहूं के अवैध विक्रय पर पकड़े जाने पर प्राथमिकी दर्ज करा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** गोपीगंज नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने नगर के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। गुरुवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में नगर के राजेन्द्र दुआ के पुत्र अंश दुआ व नीरज अग्रवाल के पुत्र तेजस अग्रवाल को सम्मानित किया। सेंट थामस स्कूल की इंटरमीडिएट की परीक्षा में अंश दुआ ने 93.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व तेजश अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। होनहारों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पालिका अध्यक्ष ने अंग वस्त्रम भगवान श्री राम का चित्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्रों ने इस सम्मान को अध्यापक सुनील कुमार दुबे को समर्पित किया। इस मौके पर जिला योजना समिति सदस्य डा.आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे होनहारों ने अपने नगर का ही नहीं जनपद को गौरवान्वित किया है इस मौके पर सभासद इजहार खान,राजेश गुप्ता, दीपू जायसवाल,नौशाद, मोहित कुमार बाबू आदि मौजूद रहे।

# कार-बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

## दुर्घटना में बाल-बाल बची एक माह की बच्ची



**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के डोडसर गांव के सामने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन पर गुरुवार को कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए, जिनका उपचार चल रहा है। जबकि एक माह की बच्ची दुर्घटना में बाल-बाल बच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फेफरा गांव निवासी राधेश्याम चौहान (50) पुत्री आशा चौहान और एक माह की नतनी के साथ मऊ जनपद से दवा लेकर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। वे डोडसर गांव के सामने पूर्वांचल एक्सप्रेस सर्विस लेन मार्ग पर कासिमाबाद की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर सामने से बाइक से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार बलिया जनपद के बभनौली गांव निवासी श्रीनिवास उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, गिरजा देवी, राधेश्याम चौहान और आशा चौहान घायल हो गई। जबकि कार व बाइक दोनों सड़क किनारे लगे कटीले तार फंसकर पूरी तरह से पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह सभी घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद राधेश्याम, आशा चौहान, श्रीनिवास उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, गिरिजा देवी की हालत गंभीर होने पर मऊ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां इलाज के दौरान शाम पांच बजे राधेश्याम चौहान की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में एक माह की बच्ची बाल-बाल बच गई। कार सवार श्रीनिवास उपाध्याय अपने बीमार पिता को लेकर घर से कार द्वारा वाराणसी उपचार के लिए जा रहे थे। इस संबंध में मृतक के भाई नरेश चौहान की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, साथ ही विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## झाड़ियों में मिला व्यक्ति का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**गाजीपुर।** जमानिया कोतवाली क्षेत्र के सब्बलपुर देवरिया गंगबरार स्थित झाड़ियों में एक व्यक्ति के शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि पुलिस सांड़ के हमले से मौत की बात कहकर पल्ला झाड़ ले रही है। सैदपुर कोतवाली के डहराकला गांव निवासी मुहम्मद हनीफ खान (50) सुबह नौ बजे घर से बाजार जाने के निकले। भाई मुहम्मद शमशेर खान ने बताया कि सुबह 11.30 बजे मुहम्मद हनीफ खान बाजार में पुत्र अरमान खान से मिले थे। उस समय वह एक बाइक पर किसी के साथ बैठे थे। उन्होंने पुत्र से कहा कि तुम घर जाओ, मैं कुछ देर में आ रहा हूं। इसके बाद शाम पांच बजे पुलिस का फोन आया कि मुहम्मद हनीफ खान का शव सब्बलपुर देवरिया गंगबरार स्थित झाड़ियों में मिला है।

## खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में तीन पर केस, गिरफ्तार



**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के तिरनई खुर्द ग्राम के पास चक हबसपुर निवासी रामनिवास वर्मा (55) के जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उभांव इंस्पेक्टर विपिन सिंह ने बताया कि चक हबसपुर निवासी रामनिवास वर्मा ने बीते सोमवार को अपने घर से दस किलोमीटर दूर तिरनई खुर्द के पास जहर खाकर जान दे दी। मृतक की जेब से सल्फास का टैबलेट मिला। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। इस मामले में मृतक की पत्नी लक्ष्मीना ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों के उकसाने पर पति द्वारा जहर खाकर खुदकुशी करने का आरोप लगाया।पुलिस ने आरोपियों को उनके गांव से ही मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पुलिस ने 15 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** विभिन्न थाना क्षेत्रों में विभिन्न धाराओं में 15 वांछितों को पुलिस ने बुधवार की देर शाम और बृहस्पतिवार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद चालान कर दिया। बहरियाबादः थाना क्षेत्र के बनकटा गांव स्थित घर पर दबिश देकर पुलिस ने गुरुवार को पॉक्सो एक्ट के वांछित मुलायम यादव निवासी बनकटा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद वांछित का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर वांछित के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कासिमाबादः बरेसर थाना के सेमउर गांव से पुलिस ने वारंटी जगलाल निवासी सेमउर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

मरदहः थाना क्षेत्र के कस्तुआ गांव में दबिश देकर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वारंटी रमेश राम निवासी कस्तुआ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद चालान कर दिया। दिलदारनगरः थाना क्षेत्र भक्सी गांव में दबिश देकर पुलिस ने वारंटी जय प्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी भक्सी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गहमरः कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव में दबिश देकर पुलिस ने वारंटी कामरान खां निवासी बारा, अक्षय कुमार निवासी बरेजी और भोलू राजभर निवासी करहिया को घर से गिरफ्तार कर लिया। औड़िहारः सैदपुर कोतवाली पुलिस ने वारंटी रमेश कन्नौजिया निवासी भीमापार और रोहित कुमार निवासी दुर्जनपुर को गिरफ्तार कर लिया। कासिमाबादः मऊ जनपद के परिवार न्यायालय द्वारा निर्गत रिकवरी/गिरफ्तारी वारंट से संबंधित वारंटी को नोनहरा थाने की पुलिस ने पारा गांव में बृहस्पतिवार की भोर दबिश देकर मुहम्मद शमीम अख्तर निवासी पारा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में नोनहरा थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। दुल्लहपुरः थाना क्षेत्र के रामपुर पतारी गांव में दबिश देकर पुलिस ने बुधवार की रात पुलिस ने दो वारंटी कुश राजभर निवासी बहलोलपुर और इंद्रजीत निवासी रामपुर पतारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद चालान कर दिया। उधर, न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश पर रेवतीपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को तीन वारंटी पंकज राजभर निवासी भक्सी का डेरा नवली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## बाल विवाह कराने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, प्रशासन सख्त

**बलिया।** बाल विवाह कराने वालों पर कार्रवाई की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है। जिले में पिछले डेढ़ साल में बाल विवाह के आठ मामले सामने आ चुके हैं। इस बार भी 10 मई को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह होने की संभावनाओं को देखते हुए रोकथाम के लिए टीम गठित की गई है। बाल विवाह की रोकने के लिए प्रिंटिंग प्रेस, टेंट हाउस व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैंड बाजा, कैंटरर्स, पुरोहित व मौलवी की निगरानी की गई है। टीम में संबंधित थाने की पुलिस, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, बाल संरक्षण इकाई व बाल कल्याण समिति के सदस्य शामिल है। संरक्षण अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जिले में मार्च 2023 से अबतक बाल विवाह के आठ मामले सामने आएं है, जिन्हें रोकने की कार्रवाई की है। बताया कि इस वर्ष जनवरी से अब तक उभांव थाना क्षेत्र में बाल विवाह के दो मामले सामने आए है, जिन्हें रोका गया है। इसके अलावा मनियर और नगरा में दो-दो, कोतवाली और उभांव थाना क्षेत्र में एक-एक बाल विवाह के मामले सामने आए थे। इन नंबरों पर करें शिकायतः बाल विवाह करवाने वालों की शिकायत चाइल्ड लाइन 1098, यूपी 112 व स्थानीय पुलिस से कर सकते हैं।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के अंडरपास और पुलों का निर्माण शुरू

**बलिया।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे अब आकार लेने लगा है। एक ओर जहां सड़क ऊंची करने के लिए मिट्टी भराई हो रही है। वहीं, अब जगह-जगह अंडरपास का निर्माण भी शुरू है। छोटे-बड़े कुल 22 पुलिया और पुल का निर्माण होना है। इसमें टोंस व सरयू नदी पर पुल का निर्माण भी शामिल है। इस परियोजना को 2025 तक पूरा करने की समय सीमा तय है। जंगीपुर से छपरा के रिविलगंज तक बनने वाला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण का कार्य कुल तीन अलग-अलग एजेंसियां चार हिस्से में कार्य करेंगी। 117.12 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे जिले से होकर गुजरेगा। जिले में करीब 65 किमी की लंबाई में एक्सप्रेसवे का निर्माण होना है। यह चितबड़ागांव से फेफना, माल्देपुर, हल्दी, बैरिया, चांददियर होते हुए मांझी घाट के बाद बिहार में प्रवेश कर जाएगा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे पर करीमुद्दीनपुर के पास उंचाडीह में इंटरचेज होगा जिसके जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे भी जुड़ेगा। इसके अलावा बिहार के बक्सर स्थित फोरलेन को भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर नया पुल बनाकर फोरलेन लिंक से जोड़ा जाएगा। अब ग्रीनफील्ड धीरे-धीरे आकार लेने लगा है। एक ओर सड़क उंचा करने के लिए मिट्टी भरने का काम जोरों पर है वहीं अंडरपास व पुलों के निर्माण का कार्य भी शुरू है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे निर्माण को लेकर 15 माह पहले गाजीपुर व बलिया के सीमावर्ती इलाका चितबड़ागांव में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शिलान्यास किया था।

## मुफ्त की बिजली से जगमग होंगे घर

**बलिया।** पीएम सूर्य घर योजना के तहत मुफ्त बिजली से घरों को जगमग किया जाएगा। साथ ही बिजली के बिल का भार भी कम होगा। घरों में इस योजना से सोलर पैनल लगवाने वालों को अनुदान भी दिया जाएगा। यूपी नेडा और ऊर्जा निगम की तरफ से संचालित पीएम सूर्य घर योजना से घरों में सोलर पैनल स्थापित कराए जाएंगे। जिसके लिए जिले में 20 हजार घरों में सोलर पैनल स्थापित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। घरों में स्थापित होने वाले सोलर पैनल से उपभोक्ता सौर ऊर्जा का उत्पादन कर सकेंगे और अतिरिक्त ऊर्जा ग्रिड को आपूर्ति कर आय बढ़ा सकेंगे। पीएम सूर्य घर योजना में मिले लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 187 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसमें 87 लोगों का आवेदन स्वीकृत किया गया है। इसके लिए डाकघरों या फिर जनसेवा केंद्रों से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। विभाग की माने तो पीएम सूर्य घर योजना में उपभोक्ताओं के घरों पर लगे विद्युत कनेक्शन के बराबर ही सोलर पैनल स्थापित किया जाएगा। जिसमें एक से दस किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवा सकेंगे। एक और दो किलोवाट तक के सोलर पैनल पर 70 फीसदी अनुदान का लाभ मिलेगा

# चार जगहों से 90 लीटर शराब के साथ चार गिरफ्तार



**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान गुरुवार को क्षेत्र के चार जगहों से 90 लीटर अवैध शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ कोल्हुआ के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान 20 लीटर शराब के साथ भटपुरा पावर हाउस मोड़ के पास संजय कुमार निवासी राजपुर रुखार को गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक राकेश सिंह ने आईटीआई गद्दोपुर मोड़ के पास राम नगर उपधान की तरफ से गैलन लेकर आ रहे युवक अंगेश गौतम निवासी बैहारी को 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। एबीएस चौकी इंचार्ज शिवप्रसाद पांडेय लोकापुर से 20 लीटर शराब के साथ संदीप कुमार निवासी बैहारी को गिरफ्तार किया। राजाबाजार चौकी इंचार्ज प्रद्युम्न मणि त्रिपाठी कस्बे में आबकारी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। सूचना पर बासूपुर नहर पुलिया के पास से आ रहे युवक प्रदीप गौड़ निवासी कैलवल को 30 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**बलिया।** पकड़ी थाना क्षेत्र के जगदरा में मंगलवार की रात को एक नव विवाहिता ने फंदा लगा लिया। परिजन जिला चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उधर, मामला संदिग्ध देख इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जगदरा (पूरा दुलार राय) निवासी लक्की सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह की शादी बीते दिसंबर माह में गाजियाबाद के तिलखुआ निवासी रमा सिंह पुत्री अतुल कुमार सिंह के साथ हुई थी। लक्की और रमा ने प्रेम विवाह किया था। दंपती गाजियाबाद में ही रहते थे।

बीते दिनों लक्की के बाबा की मौत हो गई थी। जिनके श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए लक्की अपनी पत्नी के साथ आया था। सोमवार को बरसी का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। परिजनों ने समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया। रात में भोजन करने के बाद सभी अपने अपने कमरे में सोने चले गए। जबकि लक्की बाहर परिजनों से बातचीत कर रहा था। रात करीब 11:30 पर जब वह कमरे में पहुंचा तो रमा दुपट्टे को फंदा बनाकर पंखे के हुक से लटकी थी। परिजन रमा को जिला चिकित्सालय ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने घटना से लड़की के पिता को अवगत करा दिया है। शहर कोतवाल संजय सिंह का कहना है कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## किसान के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** नोनहरा थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव में आबादी की भूमि पर उपले रखने को लेकर तीन दिन पूर्व दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें चोट लगने से एक किसान की मौत हो गई थी। पुलिस मुकदमा दर्जकर हत्यारोपी की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार की देर शाम बड़ौरा चट्टी से पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद चालान कर दिया। नूरपुर गांव निवासी श्यामदेव प्रजापति (68) बीते सात मई को सुबह करीब 9.30 बजे आबादी की भूमि पर उपले रख रहे थे। यह देख मौके पर पहुंचे दूसरे पक्ष के अभिषेक पांडेय उर्फ सन्नी ने श्यामदेव को ऐसा करने से रोका तो कहासुनी शुरू हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि श्यामदेव ने अभिषेक को थप्पड़ जड़ दिया था। इससे गुस्साए अभिषेक पांडेय ने श्यामदेव प्रजापति को धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट आने से अचेत हो गए। परिवार के लोग घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र ओमकार प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी अभिषेक पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्जकर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बड़ौरा चट्टी से हत्यारोपी अभिषेक कुमार पाण्डेय उर्फ सन्नी को गिरफ्तार कर लिया।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव



**जौनपुर।** मुफ्तीगंज के मीरपुर गांव में गुरुवार की सुबह एक बाउंड्री में पेड़ की डाल से लटकते एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। इसकी जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई। सूचना पर केराकत पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान सुरेश यादव निवासी बगथरी के रूप में की। पुलिस के मुताबिक, गौराबादशाहपुर थाना के बगथरी निवासी सुरेश यादव तीन मई को वाराणसी दवा लेने गया था। दवा लेकर लौटते समय वह अपने ससुराल देवकली में रुक गया। चार मई की भोर में वह अचानक लापता हो गया। ससुराल व घर वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। मीरपुर में लाश मिलने पर जब ससुराल वाले वहां गए तो उन्होंने शव की शिनाख्त सुरेश के रूप में की। शव की शिनाख्त होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

केराकत कोतवाली प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने बताया की मृतक की दिमागी स्थिति ठीक नहीं थी। उसका वाराणसी में इलाज चल रहा था। शव कई दिन पुराना लग रहा था। शव से काफी दुर्गंध निकल रही थी। मृतक के परिजनों ने किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, तीन लोग घायल



**जौनपुर।** सुम्बुलपुर गांव में बुधवार की देर शाम बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। घायलों का पीएचसी सोंधी पर मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव के मो. नसीम के अनुसार बच्चों के आपसी विवाद को लेकर उसके पट्टीदारों ने उसके परिवार वालों की पिटाई कर दी। इसमें मो. नसीम की पत्नी सुरैया बानो (45), पुत्री नेदा बानो (15) और पुत्र निहाल (13) घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया की पीड़ित नसीम की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अराजकतत्वों ने तोड़ी विद्यालय में बन रहे शौचालय की दीवार



**जौनपुर।** महराजगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गजाधरपुर में हो रहे शौचालय निर्माण में बने दीवार को अराजकतत्वों ने तोड़कर ध्वस्त कर दिया। जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को सूचना दी। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

गजाधरपुर गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि हरिश्चंद्र उपाध्याय ने बताया कि लोकसभा चुनाव की दृष्टिकोण से विद्यालय में बूथ की जांच करने आए एसडीएम बदलापुर ने निर्देशित किया था कि विद्यालय में शौचालय का निर्माण चुनाव से पहले पूरा कराना है। चारों तरफ दीवारें बनकर तैयार हो गईं थी, बृहस्पतिवार को छत की ढलाई करानी थी।

इसी बीच बीती रात अराजकतत्वों ने शौचालय की दीवारें तोड़ दीं। इसकी सूचना बीडीओ महराजगंज, एसडीएम बदलापुर व थानाध्यक्ष बदलापुर को दी गई। प्रधानाध्यापक दयाशंकर पाल ने बीईओ को सूचित किया और संबंधित अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने पुलिस को सूचित करने की बात कही और कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच किया। ऐसे में प्रधान प्रतिनिधि ने थाने में तहरीर देकर अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर अवगत कराया। थानाध्यक्ष बदलापुर रोहित मिश्रा ने बताया कि मामले की पड़ताल की जा रही है। इसके बाद मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# ज्योतिषी हत्याकांड मामले में अभियुक्त पक्ष से हुई बहस



**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व एमपी एमएलए कोर्ट में सरपतहां थाना क्षेत्र के तांत्रिक हत्याकांड में बृहस्पतिवार को अभियुक्त पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा बहस की गई। मुकदमे में शेष बहस के लिए अगली तिथि 13 मई नियत की गई है। बता दें कि तांत्रिक एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. रमेशचंद्र तिवारी की निर्मम हत्या 15 नवंबर 2012 को उनके पैतृक आवास सरपतहां थाना क्षेत्र स्थित ऊंचगांव में उस समय की गई जब वे अपने लोगों के साथ दरवाजे पर बैठकर धर्म की चर्चा कर रहे थे। प्रकरण में अभियोग पंजीकृत होने के बाद सरकार के सख्त निर्देश के क्रम में मुकदमे की निष्पक्ष जांच शुरू हुई तो तांत्रिक हत्याकांड में कुल 14 अभियुक्त प्रकाश में आए।

इसमें दो पेशेवर शूटर शेरू और विपुल सिंह के अलावा हत्याकांड के 13 अभियुक्त जेल से छूटकर जमानत पर हैं। सभी आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। सनसनीखेज मुकदमे की अग्रिम विधिक कार्रवाई उच्च न्यायालय एवं वरिष्ठ उच्चाधिकारियों के संज्ञान में चल रही है।

# गांजा और असलहे के साथ दो गिरफ्तार

## झोले में 1.7 किलो गांजा बरामद

**जौनपुर।** जिले के अहमदपुर शिवाला तथा नेवादा चौराहे से बृहस्पतिवार की भोर में पुलिस ने दो बदमाशों को गांजा तथा एक तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। थानाप्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह भोर में चौकी प्रभारी अरविंद यादव व अन्य सहयोगियों के साथ मौजूद थे। इसी समय एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ा। तलाशी ली गई तो उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

पकड़ा गया बदमाश मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय राम आधार निवासी त्रिलोई थाना मुंगराबादशाहपुर का निवासी है। उधर, नेवादा चौराहे पर चेकिंग के दौरान राजकुमार सोनी निवासी नया कालोनी ताड़तला कोतवाली जौनपुर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके पास से एक झोले में 1.7 किलो गांजा बरामद हुआ। दोनों बदमाशों का चालान कर दिया गया।

## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ढोढाडीह रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की देर शाम रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के रोने-बिलखने से चीख-पुकार मच गई। मुबारकपुर गांव निवासी रमेश सिंह कुशवाहा (55) ढोढाडीह रेलवे स्टेशन पर देर शाम किसी से मिलने आए थे। इसके बाद वह वापस घर लौट रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करते समय वाराणसी से बलिया की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई।

## न्याय के लिए सीएम को पत्र भेजा

**जौनपुर।** जिले के के नेवढ़िया थाना क्षेत्र से एक माह पूर्व गायब किशोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस से गुहार लगाकर थक चुकी महिला ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री और डीआईजी को पत्र भेज कर बेटी का पता लगाने की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि 16 वर्षीय पुत्री का 5 अप्रैल 2024 को अपहरण हो गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर बैठ गई। आज तक पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की। महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# गंगा में डूबे किशोर का शव घटनास्थल से 100 मीटर दूर बरामद

## विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**गाजीपुर।** जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के ददरीघाट के सामने मित्रों के साथ गंगा में नहाते समय डूबे किशोर का शव बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे मिला। स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद घटनास्थल से 100 मीटर दूर शव को बरामद कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चंद्रशेखर नगर कॉलोनी रौजा निवासी पवन बांसफोर (16) मित्र चंदन शर्मा, मुकेश बांसफोर और अरुण बांसफोर के साथ नहाने के लिए बीते बुधवार दोपहर को ददरीघाट गया था। घाट के किनारे पानी कम होने पर सभी दोस्त मुख्य धारा में नहाने चले गए। चारों दोस्त नहा रहे थे। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से चारों डूबने लगे। वहां मौजूद मल्लाह ने डूब रहे तीन दोस्तों चंदन शर्मा, मुकेश बांसफोर और अरुण बांसफोर को तो बचा लिया। जबकि पवन बांसफोर गहरे पानी में डूब गया था। शोर मचाने पर अन्य लोग और परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस डूबे किशोर की तलाश में जुट गई। स्थानीय गोताखोर किशोर की तलाश में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। अंधेरा होने के बाद स्थानीय गोताखोर और परिजन वापस लौट गए थे। दूसरे दिन पुनः स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर शव बरामद किया। इस संबंध में कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दुकानदार के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

**जौनपुर।** मारपीट मामले में पीड़ित की तहरीर पर देर रात पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है ।पुलिस के मुताबिक पीड़ित जिलाजीत सरोज पुत्र रजई सरोज ग्राम भरथरी पो. भटौली थाना तेजीबाजार का रहने वाला है। उसने तहरीर में आरोप लगाया कि वह दो दिन पूर्व महराजगंज बाजार में सब्जी लेने शिवकुमार मौर्या की दुकान पर गया। सब्जी के लेन देन को लेकर शिवकुमार ने उसे गाली दी और जाति सूचक शब्दों से उसका अपमान किया। जिलाजीत के मना करने पर दुकानदार ने तौल बाट व डंडा से उसकी पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच करते हुए शिवकुमार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# देखिए हौंसले और इंसाफ की एक मनोरंजक कहानी 'सिया', सिर्फ एंड एक्सप्लोर एचडी पर

**एक छोटे से भारतीय शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित, सिया सशक्तिकरण और बगावत की एक मनोरंजक कहानी है, जो आपके दिलों को झकझोर कर रख देगी और आपको अटूट इंसानी जज्बातों से जोड़ देगी।**






एंड एक्सप्लोर एचडी हर फिल्म प्रेमी के मनोरंजन की चाहत को पूरा करता है, जो कि अनरूटीन, अनएक्सपेक्टेड और अनफॉमूर्ला का शानदार मिश्रण है। इस चैनल के पास एक से बढ़कर एक शोज का एक विशाल भंडार है, जो स्टोरीटेलिंग का वह पहलू दिखाता है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। एंड एक्सप्लोर एचडी एक बेमिसाल अनुभव का वादा करता है, जो दर्शकों के लिए सिनेमा को अनबॉक्स करेगा। यह चैनल अब अभूतपूर्व फिल्म 'सिया' का एक्सक्लूसिव प्रीमियर करने के लिए तैयार है, जो सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि इंसाफ को बहाल करने की एक मुहिम है। सिया एक 17 वर्षीय लड़की की कहानी है, जो एक बेहद भयानक स्थिति का सामना करने के बावजूद हार नहीं मानती। ताकतवर अपराधियों के एक बेरहम हमले से बचने के बाद, सिया दोबारा उठ खड़ी होती है और उस अन्याय के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेती है, जो उसे खत्म करने की धमकी देता है। पूजा पांडे कहती हैं, एक फिल्म के रूप में 'सिया' दर्शकों को वास्तविक दुनिया के मुद्दों से रूबरू कराती है और हमारे समाज में मौजूद अन्याय को प्रतिबिंबित करने का मौका देती है। एक वास्तविक कहानी के साथ यह फिल्म कुछ कड़वी सच्चाइयों से दर्शकों का सामना कराती है और उन्हें बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करती है। मैं इस बात के लिए खुद को खुशनसीब मानती हूँ कि सिया मेरी पहली फिल्म है। इसने मुझे असल जिंदगी की ऐसी ही स्थितियों से निपटने या ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहे किसी व्यक्ति के साथ खड़े होने की अपार आंतरिक शक्ति दी है, जो मेरे मायने में हमारे देश की हर महिला के लिए जरूरी है। निर्देशक मनीष मुंद्रा ने कहा, जहाँ ह्यसियाह्ल टेलीविजन स्क्रीन पर अपनी जगह बना रही है, वहीं हमें कई लोगों के साथ हुई नाइंसाफी के खिलाफ स्थायी लड़ाई की याद आती है। यह फिल्म एक कहानी से कहीं ज्यादा है; यह हर जगह जीवित बचे लोगों के हौंसले और बहादुरी का प्रमाण है। मैंने साहस और सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने के लिए 'सिया' बनाई। इस खास कहानी को देश भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए मैं अपने कलाकारों, क्रू और जी की टीम का बहुत आभारी हूँ। मुझे उम्मीद है कि सिया का सफर हर दर्शक को सशक्त और प्रबुद्ध बनाता रहेगा। सिया सिनेमाई परिदृश्य में आशा की किरण जगाती है, जो दर्शकों को मनोरंजन से परे एक आकर्षक कहानी दिखाती है। अपनी दमदार कहानी और असरदार विषय के साथ यह फिल्म एक चर्चा छेड़ती है, सहानुभूति जगाती है और हमारे समाज में मौजूद अन्याय को मिटाने के लिए सामूहिक संकल्प को बढ़ावा देती है। एंड एक्सप्लोर एचडी पर अपने वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ, सिया दिलों को लुभाने, दिमागों को प्रेरित करने और दुनिया भर के दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का वादा करती है।

फिल्म 'सिया' में आप भी देखने के लिए तैयार हो जाइए हिम्मत और हौंसले का एक शानदार सफर, शनिवार 11 मई को रात 10 बजे, सिर्फ एंड एक्सप्लोर एचडी पर।

# विजय के पास कभी किराए तक के नहीं थे पैसे

## साउथ के सुपरस्टार बने, शाहरुख की बादशाहत को ललकारा, लेकिन पहली हिंदी फिल्म धराशायी हुई





साउथ स्टार विजय देवरकोंडा आज 35 साल के हो चुके हैं। विजय का साउथ इंडस्ट्री में बड़ा नाम है, लेकिन बॉलीवुड में वे सफल नहीं हुए। एक्टर ने बॉलीवुड में फिल्म लाइगर से एंट्री की। इस फिल्म के रिलीज से पहले विजय को शाहरुख खान का एक पुराना इंटरव्यू याद आया, जिसमें किंग खान ने कहा था कि वह फिल्म इंडस्ट्री के आखिरी सुपरस्टार होंगे।

यह इंटरव्यू सुनकर विजय ने कहा था- शाहरुख आप गलत हो, आप आखिरी नहीं हो, मैं आ रहा हूं। लेकिन जब लाइगर फ्लॉप हुई तो विजय का इस कमेंट के चलते खूब मजाक बना। विजय देवरकोंडा साउथ की पेली चोपुलु, अर्जुन रेड्डी, महानती, गीता गोविंदम और टैक्सीवाला जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। फिल्म पेली चोपुलु को बेस्ट तेलुगु फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा 2017 में रिलीज फिल्म अर्जुन रेड्डी से विजय को खूब स्टारडम मिला। स्ट्रगल के दिनों में विजय के पास किराया देने के भी पैसे नहीं होते थे, लेकिन अब 35 की उम्र में ही उन्होंने अपार संपत्ति कमा ली है। कभी अकाउंट में पैसे न होने की वजह से उनका बैंक अकाउंट सील कर दिया गया था। विजय, रश्मिका मंदाना के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अभी तक इस पर कन्फर्मेशन नहीं दी है। हाल ही में विजय ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वह लव मैरिज करेंगे, लेकिन वह शादी तभी करेंगे जब उनके पेरेंट्स उनके पार्टनर को अप्रूव कर देंगे।

# मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे के कॉमेडियन्स ने सुपरस्टार सिंगर 3 किड्स के साथ मिलकर म्यूज़िकल कॉमेडी की

**सुर, ताल और कॉमेडी! सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे शो में मनोरंजन का डोज बढ़ाने के लिए सुपरस्टार सिंगर 3 के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों - पीहू शर्मा, अविर्भव एस और क्षितिज सक्सेना का स्वागत करेगा।**



मेजबान हर्ष गुजराल सुपरस्टार सिंगर के बच्चों की उल्लेखनीय प्रतिभाओं से अपने बचपन की तुलना करते हुए गुदगुदाने वाला स्टैंड-अप रूटीन प्रस्तुत करेंगे। पीहू शर्मा, अविर्भव एस, और क्षितिज सक्सेना इंदर साहनी, गौरव मोरे, गौरव दुबे और कावेरी प्रियम के साथ मिलकर बेहद मजेदार एक्ट पेश करेंगे, जिसमें इंदर एक बेसुरे प्रिंसिपल की भूमिका निभाएंगे, जो पूरे उत्साह के साथ सुपरस्टार सिंगर के बच्चों को अपने संगीत विद्यालय में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे। गौरव दुबे इस अकादमी के सम्मानित गुरु की भूमिका में हैं। इस बीच, कावेरी प्रियम एक चिंतित मां की भूमिका निभाती हैं, जिनके साथ गौरव मोरे उनके शरारती ह्लबच्चाह्ल की भूमिका में हैं। वे बच्चे को दाखिला दिलाने की उम्मीद से अकादमी पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें पता चलता है कि बच्चा को सुर पहचानने में दिक्कत होती है! हास्यपूर्ण संगीत गड़बड़ियों के बावजूद, बच्चा संगीत विद्यालय में दाखिला पाने की कोशिश करता है। अपने आगामी गैग के बारे में बात करते हुए, कॉमेडियन गौरव दुबे कहते हैं, सुपरस्टार सिंगर के प्रतिभाशाली बच्चों के साथ काम करना बहुत ज्यादा आनंददायक रहा है। उनकी बेहतरीन प्रतिभा और उत्साह वाकई प्रेरणादायक है, और उनसे हमारे परफॉर्मेंस को बिल्कुल नए स्तर की ऊर्जा मिली है। मैं दर्शकों को इस परफॉर्मेंस को दिखाने की प्रतीक्षा नहीं कर सकता क्योंकि इसे बनाने में हमें बहुत मजा आया। मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे देखना न भूलें, इस रविवार रात 9:30 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर!

# रूस की विक्ट्री-डे परेड का जश्न
# नौ हजार सैनिक, 70 टैंक शामिल

## पुतिन बोले- पश्चिमी देश दूसरे विश्व युद्ध के सबक भूल गए



**मास्को।** रूस में गुरुवार को 79वां विक्ट्री डे मनाया गया। इसी दिन सोवियत यूनियन ने वर्ल्ड वॉर 2 में नाजी जर्मनी को हराया था। पुतिन क्रेमलिन से रेड स्क्वायर पहुंचे, जहां परेड का आयोजन किया गया। पुतिन ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि रूस दुनिया में हो रही जंग को बढ़ावा नहीं देना चाहता, लेकिन कोई भी हमें धमका नहीं सकता। उन्होंने पश्चिमी देशों को चेताते हुए कहा कि रूस की सेना हर समय जंग के लिए तैयार है। विक्ट्री डे परेड में 9 हजार से ज्यादा सैनिकों ने हिस्सा लिया। इसमें यूक्रेन में लड़ चुके हैं सैनिक भी शामिल हुए। परेड में 70 से ज्यादा टैंक और बख्तर बंद गाड़ियां दिखाई दी। इसमें वर्ल्ड वॉर 2 में यूज हुआ ळ-34 टैंक के साथ इस्कंदर-एम बैलिस्टिक मिसाइल, एस-400 एयर एयर डिफेंस सिस्टम और यार्स इटरकॉटिनल बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी। पिछले साल खराब मौसम के चलते फ्लाईबाई को रद्द कर दिया गया है। ये परेड ऐसे समय में हो रही है, जब रूस को यूक्रेन से जंग में कड़ी टक्कर। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुताबिक, जंग में अब तक रूस के 1 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं। पश्चिमी देश वर्ल्ड वॉर 2 के सबक को भूल रहे हैं। हमें याद है कि तब मॉस्को, लेनिनग्राद, रेजेव, स्टेलिनग्राद, कुर्स्क, खार्किव कीव और क्रीमिया तक खूनी लड़ाई लड़ी गई थी। नाजी जर्मनी ने बिना शर्त रात 11:01 आत्मसमर्पण किया था। पुतिन ने चीन के लोगों की जापान के खिलाफ लड़ाई को भी याद किया। पुतिन ने कहा कि देश मुश्किल दौर से गुजर रहा। हमारी मातृभूमि का भविष्य हम पर निर्भर है। अभिमान से भरे पश्चिमी देश दुनिया को जंग में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। रूस ऐसा नहीं होने देगा। हमारे परमाणु हथियार हमेशा इस्तेमाल के लिए तैयार हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की हत्या, हरियाणा के युवक गिरफ्तार



**केनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया में भारत के 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर एम. टेक कर रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र नवजीत संधू को मारने का आरोप है। आरोपी भाइयों का नाम अभिजीत और रॉबिन गार्टन हैं, और वे हरियाणा में करनाल के रहने वाले हैं। उन्हें अमेरिका के न्यू साउथ वेल्स से गिरफ्तार किया गया था। नवजीत के रिश्तेदार ने बताया कि 4 दिन पहले रविवार (5 मई) को कुछ भारतीय छात्रों के बीच में मकान के किराए को लेकर हो रही झड़प को सुलझाने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच एक छात्र ने उसके सीने में तीन बार चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान नवजीत के एक दोस्त श्रवण कुमार को भी चोटें आईं।

# रियल मैड्रिड यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में

**सेमीफाइनल के दूसरे लेग में म्यूनिख को 2-1 से हराया, 1 जून को डॉर्टमंड से भिड़ंत**



**स्पेन।** रियल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने 9 मई को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराया। इस तरह दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड ने 4-3 से फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल के पहले लेग में दोनों टीमों ने 2-2 गोल किया था।

14 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड का सामना फाइनल में शनिवार 1 जून को वेम्बली में डॉर्टमंड से होगा। रियल मैड्रिड के लिए दोनों गोल जोसेलु ( जोस लुइस माटो ) ने किया। वहीं म्यूनिख के लिए एक मात्र गोल डेविस ने किया।

**बायर्न म्यूनिख के डेविस ने किया पहला गोल :** दोनों टीमें हाफ टाइम तक बराबरी पर थीं। मैच के 68वें मिनट में म्यूनिख के डेविस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी और फाइनल के लिए राह आसान कर दिया। उन्होंने सेंटर सर्कल में साथी खिलाड़ी केन के बायीं ओर से दिए पास को गोल में तब्दील कर टीम को मैच में आगे कर दिया।

**जोसेलु के गोल कर लेकर रहा विवाद :** वहीं मैच के 88 वें मिनट में जोसेलु ने एंटोनियो रुडिगर के पास को गोल में तब्दील कर टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। जोसेलु के इस गोल को लेकर विवाद रहा। शुरूआत में गोल को ऑफ साइड करार दिया गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (श्अफ) ने गोल को सही करार दिया। वहीं उन्होंने टीम के लिए दूसरा गोल 91वें मिनट में किया और इस तरह रियल मैड्रिड इस मैच में म्यूनिख से 2-1 से आगे हो गया।

जोसेलु के पहले गोल को रेफरी ने ऑफ साइड करार दिया था। बाद श्अफ ने गोल को सही करार दिया। वहीं पहले लेग के खेले गए सेमीफाइनल में दोनों टीमें ने 2-2 गोल किए थे। यह मैच 2-2 की बराबरी पर था। ऐसे में दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड के चार गोल हो गए, जबकि बायर्न म्यूनिख के 3 गोल रहा।

**कैसे दो लेग में होते है मुकाबले :** राउंड ऑफ 16 से लेकर सेमीफाइनल तक के मुकाबले 2 लेग में खेले जाते हैं। एक-एक मैच दोनों क्लबों के घर में होते है। दोनों लेग में कुल मिला कर ज्यादा गोल करने वाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है। दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग चैंपियंस लीग का यह 32वां सीजन है। जिसका चैंपियन 10 जून को मिला जाएगा। लीग की शुरूआत 1955-56 में हुई थी।

## लोगों को नींद में गोली मारी, सात की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के ग्वादर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात हमलावर ने 7 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज के मुताबिक हमले के वक्त मृतक सो रहे थे। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। मृतक पाकिस्तान के पंजाब के रहने वाले थे । ये ग्वादर पोर्ट के पास नाई की दुकान पर काम करते थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी घटना की निंदा की है। उन्होंने घटना को देश के दुश्मनों की कायराना हरकत करार दिया है। शरीफ ने कहा कि, "हम आतंकवाद को जड़ से मिटाकर रहेंगे।" ग्वादर स्टेशन के मोहसिन अली ने कहा है कि 9 मई की सुबह हमलावर मृतकों के घर में घुसा और ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। उनका घर ग्वादर से 25 किलोमीटर दूर था।

## भारत दौरे पर मालदीव के विदेश मंत्री

### मोदी पर अपने मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी पर कहा- ऐसा फिर नहीं होने देंगे

**नई दिल्ली।** भारत के साथ तनाव के बीच मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर दिल्ली के दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को उन्होंने न्यूज एजेंसी अठकको दिए इंटरव्यू में ढट मोदी के खिलाफ दिए अपने मंत्रियों के आपत्तिजनक बयान को लेकर सफाई दी। मूसा जमीर ने कहा, 'हम ऐसा फिर नहीं होने देंगे, हमने 3 मंत्रियों को हमेशा के लिए पद से हटा दिया।' दरअसल, साल की शुरूआत में प्रधानमंत्री मोदी ने लक्षद्वीप की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसके बाद लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से की जाने लगी। इसके चलते मालदीव के नेताओं ने भारत और पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे दोनों के रिश्तों में बिगड़ने लगे थे। जयशंकर ने कहा- हमने हमेशा मालदीव की मदद की भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, "भारत हमेशा नेबर फर्स्ट पॉलिसी पर चलता है। दोनों देशों के रिश्ते आपसी हितों पर टिके हैं। भारत विकास के मामले में मालदीव को सहयोग करने वाले अहम देशों में शामिल है।" विदेश मंत्री मे कहा, "हमारे कई प्रोजेक्ट्स से मालदीव के लोगों को फायदा पहुंचा है। भारत ने कई मौके पर मालदीव को वित्तीय मदद भी दी है।" चीन समर्थक मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहला मौका है, जब मालदीव के कोई मंत्री भारत के दौरे पर आए हैं। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने जनवरी में भी जयशंकर से मुलाकात की थी। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने जनवरी में भी जयशंकर से मुलाकात की थी।

## भारत के चुनाव में रुकावट डाल रहा अमेरिका

**नई दिल्ली।** रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत के लोकसभा चुनाव में रुकावट डालने की कोशिश कर रहा है। रूस ने कहा है कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। दरअसल, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा से बुधवार को पन्नू मामले में अमेरिका के भारत पर लगाए आरोपों पर सवाल पूछा गया। इस पर जखारोवा ने कहा, "अमेरिका बेबुनियाद आरोप लगाकर भारत का अपमान कर रहा है।" रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, "अमेरिका ने अभी तक ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया है, जिससे यह साबित हो सके कि भारत पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल था। इसके अलावा धार्मिक आजादी के उल्लंघन के आरोप भी भारत को लेकर अमेरिका की कमजोर समझ को दिखाते है।"

## अमिताभ ने दिया टीम इंडिया को स्पेशल मैसेज




**नई दिल्ली।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले बॉलीवुड के स्टार अमिताभ बच्चन ने भारतीय टीम को स्पेशल मैसेज दिया है। स्टार स्पोर्ट्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का एक प्रोमो वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में अमिताभ बच्चन ने आवाज दी है। वीडियो में बच्चन ने कहा, युद्ध तो हर दिन होता है, लेकिन महायुद्ध सबसे कड़ी परीक्षा लेता है। यहां पल-पल पारा चढ़ता है। रग-रग में खून खौलता है। हार जिसके गले मिले, वही वीर सिर उठाकर चलता है। ये महद्वन्द है-महायुद्ध, तू सुन उसकी ललकार, पहन कवच, कर सीना जोर, अब हो जा तू तैयार, उठा शमशीर, अब बन जा वीर, बुलंद कर ले अपनी तकदीर, दिखा दम, लगा दम, मान मत, तू जीत से कम, तो ये है उस शूर वीर की गाथा, जिसे सुन गर्व से उठे हर माथा, तो ये है उस शूर-वीर की गाथा, जिसे सुन गर्व से उठे हर माथा, ये महा-द्वंद है-महायुद्ध, तुझे देख रहा संसार,विरोधी से तू नजरें मिला, अब हो जा तू तैयार, ये महा-द्वंद है-महायुद्ध, अब हो जा तू तैयार।

**फिल्म कल्कि 2898 एडी की थीम पर बना है प्रोमो :** इस साल की सबसे बड़ी साइंस-फिक्शन फिल्म ह्यकल्कि 2898 एडी की थीम पर प्रोमो बनाया गया है। इसमें अमिताभ, गुरू द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अमिताभ के अलावा प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। बजट के लिहाज से देखें तो इस साल सबसे बड़ा दांव 'कल्कि 2898 एडी' पर लगा है। इसका बजट 600 करोड़ है। इसे तेलुगु सिनेमा के जाने-माने डायरेक्टर नाग अश्विन ने बनाया है। प्रभास के लिए ये फिल्म काफी अहम साबित होने वाली है क्योंकि पिछले साल उनकी फिल्म 'आदिपुरुष' भी 600 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन ये फ्लॉप साबित हुई थी। वहीं 'सलार' 590 करोड़ का बिजनेस करने में कामयाब हुई थी।

## सोने की कीमत में गिरावट, चांदी महंगी हुई

**मुंबई।** सोने की कीमतों में आज यानी 9 मई को मामूली गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 21 रुपए सस्ता होकर 71,624 रुपए पर आ गया है। हालांकि, आज चांदी की कीमत में बढ़त देखने को मिली है। एक किलो चांदी 754 रुपए महंगी होकर 82,296 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है। इससे पहले 8 मई को चांदी 81,542 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। इस साल अब तक सोने के दाम 8,272 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,624 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 82,296 रुपए पर पहुंच गए हैं। अक्षय तृतीया 10 मई का है। इस दिन सोना सोना खरीदना खास शुभ माना जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*
RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

# स्कूल बस की स्टेरिंग फेल, दर्जनों छात्र-छात्राएं घायल

## चार फीट गहरे गड्ढे में घुसी बस, अभिभावकों ने बच्चों को अस्पताल में कराया भर्ती




**प्रयागराज।** प्रयागराज के फूलपुर से स्कूल के बच्चों को लेकर अंदावा जा रही स्कूल बस की अचानक स्टेरिंग फेल हो जाने से सड़क के किनारे गड्ढे में जाकर रुक गई। गनीमत रही की बस चार फीट गहरे खेत के गड्ढे में फंसने से रुक गई। बस के अचानक गड्ढे में जाने से उसमें बैठे दर्जनों छात्र-छात्राएं चोटिल हो गए। जिन्हें ग्रामीण व अभिभावकों की मदद से स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के लिए ले जाया गया।

गुरुवार सुबह अंदावा स्थित एम आर एस स्कूल की बस फूलपुर, इफको, बाबूगंज,चिरौडा, आदि स्थानों से बच्चों को लेकर जैसे ही बगई खुर्द गांव के सामने पहुंची ही थी कि अचानक बस की स्टेरिंग फेल हो गई। इससे तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे खेत के चार फीट गहरे गड्ढे में जाकर एक तरफ झुक गई। अचानक बस में हुए इस तरह के हादसे से बैठे बच्चे सहम उठे। जहां कई छात्र छात्राओं को हल्की चोटें आ गई। सूचना पर पहुंचे बाबूगंज बाजार निवासी अभिभावक अमर बहादुर ने बताया कि बस में बाबूगंज के कक्षा दसवीं के अनुज कुमार यादव, आकाश कुमार, आदर्श कुमार, तथा 11वीं कक्षा के साक्षी, मनजीत कुमार गुप्ता, नौवी कक्षा की शैलजा यादव, तथा आठवीं कक्षा की सृष्टि यादव को हल्की चोटें आई, जिन्हें स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के बाद सभी अभिभावक अपने घर लेकर चले गए। वही शेष बच्चों को स्कूल द्वारा दूसरी बस मंगवा कर उन्हें उनके घर भेज दिया गया।


**विद्यालय प्रबंधन वाहनों की समय-समय पर फिटनेस की जांच नहीं कराते :** घटनास्थल पर पहुंचे अभिभावकों ने आरोप लगाया कि महंगी फीस व प्रत्येक महीने वाहन शुल्क के नाम पर वसूली जाने वाली धनराशि से विद्यालय प्रबंधन वाहनों की समय-समय पर फिटनेस की जांच नहीं कराते हैं। जिससे इस तरह की घटनाएं के आम हो गई हैं। बाबूगंज बाजार निवासी अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबूगंज, फूलपुर झूंसी क्षेत्र में दर्जनों विद्यालयों में खटारा अप्पे,ई रिक्शा तथा मैजिक वाहनों से बच्चों को मानक के विपरीत बैठाकर उनके जीवन से खिलवाड़ करते हुए भारी भरकम पीस वसूली जा रही है।

### खटारा बसों में ढोए जा रहे बच्चे आक्रोशित हैं अभिभावक

क्षेत्र के अभिभावकों का आरोप है कि महंगी फीस व वाहन शुल्क के नाम पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी धनराशि अभिभावकों से वसूल तो की जाती है, लेकिन विद्यालय प्रबंधन वाहनों की समय-समय पर फिटनेस की जांच नहीं कराते हैं। जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं के आम हो गई हैं। बाबूगंज बाजार निवासी अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबूगंज, फूलपुर, झूंसी क्षेत्र में दर्जनों विद्यालयों में खटारा अप्पे, ई रिक्शा तथा मैजिक वाहनों से बच्चों को मानक के विपरीत बैठाकर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि शासन द्वारा निर्देश है कि समय-समय पर विद्यालयों में संभागीय परिवहन विभाग द्वारा कैंप लगाकर सुरक्षित यातायात व विद्यालय प्रबंधन को ऐसे वाहनों को न चलने के लिए निर्देश देने चाहिए।

# ऑफिस के बाहर 'कामचोर लापता तहसीलदार' लगाया पोस्टर

## अमेठी में 8 महीने से काम न होने से युवक परेशान, आज तक नहीं हुई मुलाकात




**अमेठी।** में तहसीलदार के मनमाने रवैये से परेशान एक युवक ने तहसील परिसर और तहसीलदार ऑफिस के बाहर कामचोर लापता तहसीलदार का पोस्टर लगा दिया। युवक का आरोप था कि वह अपनी बंधक मुक्त खतौनी को करवाने के लिए पिछले 8 महीने से चक्कर लगा रहा है, लेकिन न तो उसका काम हुआ और न ही उसकी तहसीलदार से मुलाकात हुई।

युवक ने प्रदेश की योगी सरकार पर भी सवाल उठाए हैं। युवक का कहना है कि प्रदेश सरकार अधिकारियों को उनके ऑफिस में बैठने का आदेश तो देती है लेकिन अधिकारी गायब रहते हैं। ऐसे में पीड़ित व्यक्ति सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाता रहता है। पूरा मामला अमेठी तहसील का है, जहां आज सुबह इसी तहसील क्षेत्र का रहने वाला अजय कुमार पांडेय तहसील पहुंचा और उसने तहसीलदार सूरज प्रताप के ऑफिस के बाहर और आसपास पोस्टर लगा दिया। पोस्टर में लिखा गया था कि कामचोर लापता तहसीलदार अमेठी सूरज प्रताप अमेठी।

तहसीलदार ऑफिस के बाहर युवक ने पोस्टर लगाया। युवक अजय कुमार पांडेय का आरोप था कि बंधक मुक्त खतौनी करवाने के लिए वो पिछले आठ महीने से तहसीलदार ऑफिस का चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसकी मुलाकात अब तक तहसीलदार से नहीं हुई है। वह जब भी ऑफिस आता है वो लापता ही रहते हैं। मेरा ही नहीं कितने लोग अपना काम करवाने के लिए परेशान हो रहे हैं, लेकिन किसी का काम नहीं हो रहा है। पीएम-सीएम से सुधार की मांग

हम योगी मोदी से मांग करते हैं कि वो अधिकारियों को सुधारें, जिससे की लोगों का काम हो सके। तहसील में और भी बड़े अधिकारी रहते हैं, लेकिन उनको भी पता होना चाहिए कि उनके नीचे के अधिकारी काम करते हैं की नहीं। हमारी मांग है कि अधिकारी ऑफिस में बैठकर जनता के काम करें।

# नाले में मिला महिला का शव, पहचानना मुश्किल

### चेहरा और शरीर बुरी तरह बिगड़ने से नहीं हो सकी पहचान, पुलिस ने मोर्चरी में रखवाया



**अलीगढ़।** जिले में लगातार दूसरे दिन महिला का शव मिला है। गुरुवार को रोरावर थाना क्षेत्र में मथुरा बाईपास रोड पर कैंची वाले पुल के नीचे नाले में महिला का शव मिला। शव नाले के गंदे पानी में डूबा हुआ था, जिसके कारण पहले लोगों को इसकी जानकारी नहीं हुई। जब लोगों ने ध्यान से देखा तो नाले में शव था, जिसके बाद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। शव की जानकारी मिलने पर रोरावर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। गंदे पानी के कारण शव बुरी तरह से सड़ सा गया था और मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। बस इतना ही पता चल सका है कि शव महिला का है।

महिला का शव नाले में पुल के पास आकर रुक गया था। जिसके कारण वह आगे बहकर नहीं गया। नाले में काफी गंदगी थी, जिससे लोगों का ध्यान पहले इस तरफ नहीं गया। बाद में जब लोगों को शव जैसा कुछ दिखाई दिया तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। महिला का शव होने के चलते अधिकारियों ने थाने से महिला फोर्स को बुलाया और शव को बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में शव से ऐसी कोई चीज नहीं मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। वहीं शव का चेहरा और शरीर भी बुरी तरह से बिगड़ चुका था, जिसके कारण उसकी पहचान और मुश्किल हो रही थी। हालांकि पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है। इलाके में नाले में शव की सूचना पर आसपास के लोग भारी संख्या मे नाले के पास एकत्रित हो गए। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें वहां से हटाया और अपनी जांच शुरू की। पुलिस ने नजदीक के थानों में भी जानकारी जुटाई है, और गुमशुदा महिलाओं की जानकारी मांगी है। अलीगढ़ के जवां थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रठ गांव के पास जंगल में बुधवार को भी एक महिला का शव मिला है। मृतक महिला की उम्र लगभग 45 साल के आसपास है और उसने गुलाबी रंग के कपड़े पहने हुए थे। महिला के गले में प्लास्टिक का रस्सा भी बंधा हुआ मिला था। अभी इस महिला की भी पहचान नहीं हो पाई है। गले में रस्सी बंधी होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला का गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है और फिर उसके शव को जंगल में लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए थे। इसके साथ ही हाईवे और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि संदिग्धों को चिन्हित किया जा सके।

# महिला सिपाही के खाते से उड़ाई रकम

### सामान भी खरीदा साइबर ठगों ने एसीपी कार्यालय में तैनात महिला को बनाया शिकार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ऑनलाइन ठगी के मामले रोज सामने आ रहे हैं। साइबर ठगों ने इस बार एक महिला सिपाही को निशाना बनाया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शलवार सूट का विज्ञापन देखकर महिला सिपाही ने बुकिंग की। इसके बाद उसके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने सूट पहुंचाने का विश्वास दिलाकर खाते से कई बार में 72,161 रुपए उड़ा दिए। इतना ही नहीं खाते पर 1.44 लाख रुपए का लोन भी ले लिया। सिपाही को पता चला तो दारागंज थाने में केस दर्ज कराया। एसीपी झूंसी के यहां है गाजीपुर की सिपाही की तैनाती

महिला सिपाही कुसुम चौहान गाजीपुर में कादीर शाहपुर की रहने वाली है। उनकी तैनाती सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी कार्यालय में है। कुसुम ने ऑनलाइन सूट खरीदने को 2700 रुपए का भुगतान किया। इसके बाद ही साइबर ठगों ने उन्हें निशाने पर लिया। दो दिन बाद सिपाही के मोबाइल पर कॉल का कर कहा गया आपने ऑनलाइन शापिंग की है। सहसों में खड़ा हूं, मेरा जीपीएस बंद हो गया। इसके चलते लोकेशन पता नहीं चल पा रही है। आपको एक बार कोड भेज रहा हूं जिस पर 4660 रुपये भेज दीजिए। इससे जीपीएस ऑन हो जाएगा। मैं आकर आपको रुपए वापस कर दूंगा। विश्वास दिलाने के लिए ठग ने अपने एक अधिकारी का नंबर दिया। सिपाही को विश्वास में लेकर दोनों ने कई बार में 72,161 रुपये उड़ा दिए। इसके बाद महिला शिकायतों में उलझी रही जबकि साइबर ठगों ने एकाउंट पर लोन के जरिए सामान खरीद डाला।

# करंट की चपेट में आकर देवर-भाभी की मौत

**अलीगढ़।** के महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कोछोड़ में करंट की चपेट में आने के कारण एक देवर भाभी की मौत हो गई। महिला बुधवार देर शाम को पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। जिसके बाद वह देर रात तक घर नहीं लौटी। जिसके बाद परिवार के लोगों को चिंता हुई। महिला के घर न लौटने पर उसका देवर भी उसे खोजने के लिए घर से निकल गया और खेतों की तरफ गया। लेकिन वह भी कई घंटे तक घर नहीं आया। जिसके बाद परिवार के अन्य लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन सारी रात उनका कुछ भी पता नहीं चला। सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद नजदीक के खेत से उनके शव बरामद हुए हैं।

महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कोंछोड़ निवासी वेदप्रकाश किसान हैं। उनकी पत्नी बुधवार देर शाम को पशुओं के लिए चारा लाने के लिए खेत की ओर गई थी। लेकिन काफी देर होने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटी। जिसके बाद वेद प्रकाश का छोटा भाई धर्मेंद्र उसे खोजने के लिए निकला। धर्मेंद्र को भी घर से निकले हुए कई घंटे बीत गए तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। सारी रात परिवार के लोग उन्हें खोजते रहे। सुबह पुलिस के साथ मिलकर परिवार के लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की, जिसके बाद नजदीक के खेत में दोनों पड़े हुए थे। महिला की मौत हो चुकी थी, जबकि धर्मेंद्र में सांस बांकी थी। जिसके बाद धर्मेंद्र को दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को धर्मेंद्र ने भी दम तोड़ दिया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला और उसका देवर दोनों नजदीक के खेत में हुई तारबंदी में फैले करंट की जद में आ गए थे। जब महिला चारा लेने गई थी तो वह तार में फैले करंट की चपेट में आ गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। उसकी खोज में गया देवर धर्मेंद्र भी करंट की जद में आ गया और सारी रात तड़पता रहा। गुरुवार को उसने अस्पताल में दम तोड़ा है। वहीं परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांवों में खेत मालिक पशुओं से अपनी फसलों को बचाने के लिए तारों में झटका मशीन के जरिए करंट छोड़ देते हैं। कई बार इसका पॉवर काफी ज्यादा हो जाता है, जो पशुओं और इंसानों के लिए मौत का कारण बन जाता है। अलीगढ़ में ऐसे कई मामले हो चुके हैं, जिसमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं देवर भाभी की मौत के बाद परिवार के लोग आरोपी खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि आरोपी ने अपने खेत में तारों में करंट छोड़ा था, जिसके बाद उनके परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीओ सेकंड आरके सिसौदिया ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरे...

### महाराणा प्रताप की जयंती पर रक्तदान

**सुलतानपुर।** गुरुवार को महाराणा प्रताप की जयंती पर नगर के एमजीएस स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए क्षत्रिय समाज के लोगों ने क्षत्रिय भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं, राजकीय मेडिकल कॉलेज में रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। महाराणा प्रताप की जयंती पर क्षत्रिय भवन अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया था। इसमें राष्ट्रीय सचिव आरपी सिंह, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सिंह राजा, अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रभारी जिलाध्यक्ष बसंत सिंह, सभासद दीप सिंह, जिला सचिव एवं नगर प्रभारी अमित सिंह वीर योद्धा की 485वी जयंती मनाई। यहां पर सिटिंग सांसद व बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी ने महाराणा प्रताप को याद करते हुए उनकी प्रतिमा भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती है। उसी क्रम में आज क्षत्रिय भवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद द्वारा हर साल की तरह इस साल भी महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण व एक गोष्ठी का आयोजन हुआ है। मैं सर्वप्रथम अपने सभी देशवासियों को महाराणा प्रताप की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह गर्व की बात है कि महाराणा प्रताप ने मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए, घास की रोटी खाते हुए। इस देश को मुगलों से आजादी दिलाते हुए अपना अपट योगदान दिया और देश की रक्षा करते हुए अपना पूरा काम किया।

### धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

**बहराइच।** जिले में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सामने स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सर्व समाज के लोगों ने पहुंच उनकी मूर्ति का माल्यार्पण कर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसान पीजी कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ने महाराणा प्रताप के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को राष्ट्र के स्वाभिमान व उसकी अस्मिता के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह ने सुनाते हुए कहा 'जय प्रताप, तू देश जाति का अमर पुत्र है, मातृभूमि का राजा बेटा राज पुत्र है कविता सुनाकर लोगों में जोश भर दिया। कार्यक्रम के बाद एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पेड़ पर फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र में स्थित एक ग्राम के बाहर एक युवक का पेड़ की डाल से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को उतरवाया। युवक घर से बाहर मजदूरी पर जाने की बात कहकर निकला था। हरदी थाने में स्थित गौरीशंकर पुरवा गांव के बाहर आज एक युवक का पेड़ की डाल पर फंदे से लटकता शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना हरदी थाने की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को डाल से उतरवा कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए गए थे। मृतक की फोटो वायरल होने के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंच उसकी पहचान की है। परिजनों ने बताया कि मृतक रंगी बुधवार को मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था।

# राष्ट्रनिर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका पर चर्चा



**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रनिर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर बार एसोसिएशन अधिवक्ता समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश अशोक कुमार शुक्ल और वरिष्ठ अधिवक्ता ताराकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता विवेक कुमार शुक्ला ने किया।

अपर महाधिवक्ता ने कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक अधिवक्ता समाज का अमूल्य योगदान रहा है। अधिवक्ता हमेशा राष्ट्र के उत्थान के लिए अग्रसर भूमिका में रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर ले जाने में अधिवक्ताओं के कंधे पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें। जिससे राष्ट्र हित में कार्य करने वाली सरकार बनाई जाए। मजबूत सरकार बनानी चाहिए पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन डीपी सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई थी। आज हम सभी को शत प्रतिशत मतदान कर मजबूत सरकार बनानी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष इंद्रमणि शुक्ला ने कहा कि समाज मे अंतिम छोर पर खड़े वंचित, पीड़ित व्यक्ति को लेकर समाज के अग्रणी व्यक्ति तक पशु, पक्षी, पेड़-पौधे, वन, खदानों से लेकर किट पतंगों तक, यहां तक कि विधिक व्यक्ति के रूप में ईश्वर के संवैधानिक और विधिक अधिकारी के सरंक्षण में वकीलों की भूमिका अद्वितीय होकर राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय है। कार्यक्रम को ताराकांत त्रिपाठी, मंत्री हरगोविंद यादव, शेरबहादुर यादव, शैलेंद्र मिश्रा, पूर्व मंत्री मोहनलाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान डीजीसी गोविंद श्रीवास्तव, राकेश सिंह, प्रभारी डीजीसी शचीन्द्र सिंह, एडीजीसी भूपेंद्र सिंह,सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, विशाल सिंह, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, राजकुमार यादव,महेन्द्र सिंह, सुनील श्रीवास्तव, राघव शरण त्रिपाठी, श्रीप्रकाश सिंह, दिलीप यादव, धीरज पांडेय, दिवाकर ओझा, करमचंद यादव, महबूब आलम, अफसर, अमित चित्रांश, अमित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रत्याशियों को हर दिन देना होगा व्यय का ब्यौरा : डीएम



**अम्बेडकरनगर।** लोकसभा का चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को आयोग द्वारा निर्धारित किए गए प्रारूप रजिस्टर में अपने प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय का लेखा जोखा रखना होगा। लेखा जोखा को निर्धारित तिथि पर निरीक्षण के लिए प्रेक्षक के सामने प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव लड़ रहे सभी अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा निर्धारित किए गए प्रारूप रजिस्टर में अपने दिन-प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा रखा जाना है और इस रजिस्टर को निरीक्षण के लिए प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। व्यय प्रेक्षक की सहमति से अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टर का प्रथम निरीक्षण 11 मई 2024, द्वितीय निरीक्षण 17 मई 2024, तृतीय निरीक्षण 23 मई 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संग्रह दैवीय आपदा अनुभाग कक्ष संख्या - 15 कार्यालय जिलाधिकारी अंबेडकर नगर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि व समय पर अभ्यर्थी को स्वयं अथवा अपने निर्वाचन व्यय अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय रजिस्टर का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कराना होगा। निर्देश का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर में पलटने से हादसा


**सुलतानपुर।** सुलतानपुर में गुरुवार को बल्दीराय थानाक्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ। यहां बघौना स्थित शारदा सहायक नहर में अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। इस पर सवार किशोर समेत दो की मौत हो गई। एक साथ दो मौतों से गांव में कोहराम मच गया है। वहीं, घटना में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई कर रही है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के बिगहुली गांव निवासी देवेंद्र यादव (40) पुत्र स्व. इंद्रपाल यादव और इसी गांव का वंश यादव (15) पुत्र काशीनाथ ट्रैक्टर से बघौना बाजार आए हुए थे। बताया जा रहा है कि देवेंद्र ट्रैक्टर बनवाकर वापस घर लौट रहा था। अभी दोनों बघौना स्थित शारदा सहायक खंड 16 नहर के पास पहुंचे थे कि एकाएक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। नहर सुखी हुई थी। इस बीच राहगीर वहां जमा हुए और पुलिस को सूचना दी।

### शादी के तीसरे दिन दुल्हन की मिली लाश

**सुल्तानपुर।** शादी के 3 दिन बाद दुल्हन का शव उसकी ससुराल में पंखे से लटका मिला। पैर जमीन से टच हो रहे थे। लड़की के मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। ससुराल वाले खुदकुशी बता रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल पाएगा। मामला सुल्तानपुर के कुड़वार के राजापुर स्थित सुगवापुर गांव का है। दुल्हन का नाम प्रगति था। 5 मई, 2024 को उसकी शादी सुगवापुर गांव के रहने वाले शनि से हुई थी। प्रगति 6 मई को वह विदा होकर अपने मायके आई थी। 7 मई को वह वापस ससुराल चली गई। तब प्रगति के ससुराल वालों ने कैश और जेवर देने के लिए कहा। इस पर मायके वालों ने 14 मई तक और कैश देने की बात कही थी।

# छात्र गुटों में अंधाधुंध फायरिंग, दो गंभीर

❖ एक अस्पताल में भर्ती दो आरोपी पुलिस हिरासत में



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कैंपस में देर रात दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच पहले किसी बात को लेकर बहस हो गई और फिर बात गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट और कुर्सियों की तोड़-फोड़ चली। फिर एक गुट ने फायरिंग भी कर दी। हालांकि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ।

फायरिंग की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय सिविल लाइंस पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लिया। वहीं मारपीट में दोनों गुट के दो छात्र घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इसके साथ ही घायल हुए छात्रों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। एएमयू कैंपस में नार्थ एसएस हॉल पर देर रात लगभग 11 बजे के आसपास बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र आयान अपने दोस्तों के साथ कैंपस में बैठा हुआ था। यहीं पर बीए का छात्र जैद अपने दोस्तों के साथ कैंपस के अंदर बैठा हुआ था। इसी दौरान दोनों गुट के छात्रों में किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। जिसके बाद दोनों गुट आपस में भिड़ गए और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। दोनों ने एक दूसरे पर जमकर कुर्सियां भी चलाई, जिसमें आयान के काफी चोटें आई। वहीं मारपीट में जैद के भी मामूली चोटे आई हैं। कैंपस में हंगामे की सूचना पर प्रॉक्टोरियल टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी छात्रों को पकड़ लिया। जिसके बाद घायल हो मेडिकल कालेज भेजा गया और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मारपीट में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र आयान के काफी चोटे आई हैं। जिसके बाद एएमयू के जेएन मेडिकल कालेज में उसे भर्ती कराया गया है। वहीं जैद के भी हल्की चोटें आई हैं। उसे भी प्राथमिक उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार जैद गुट की ओर से फायरिंग हुई थी। जिसके बाद प्रॉक्टोरियल टीम ने आरोपी छात्र जैद और उसके एक साथी अरशद को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके अपने साथ ले आई और उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं घायल हुए आयान और जैद का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया है, जिससे मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# जिला अस्पताल में भारी ब्लड संकट बना परेशानी का सबब

### मेडिकल कॉलेज तक दौड़ रहे मरीज के तीमारदार, 300 यूनिट ब्लड में 15 यूनिट बचा

**अम्बेडकरनगर।** जिला अस्पताल में बने ब्लड बैंक में ब्लड का संकट बढ़ गया है। ब्लड न होने से जरूरतमंदों को ब्लड के लिए मेडिकल कॉलेज तक जाना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में 300 यूनिट की क्षमता का ब्लड बैंक बना है, जहां मौजूदा समय में केवल 15 यूनिट खून बचा है। इसमें ए पॉजिटिव, ए निगेटिव, बी निगेटिव, ओ निगेटिव का एक भी यूनिट ब्लड नहीं बचा है। ब्लड की कमी होने से मरीजों को इधर-उधर दौड़ना न पड़े इसके लिए जिला अस्पताल में 300 यूनिट का ब्लड बैंक बनाया गया था। ब्लड बैंक बनने के बाद मरीजों को काफी सुविधा होती है, लेकिन मौजूदा समय में ब्लड बैंक में ब्लड की भारी कमी है। ब्लड बैंक में मात्र 15 यूनिट खून बचा है, जिसमें बी पॉजिटिव के दो यूनिट ए बी पॉजिटिव दो यूनिट, ओ पॉजिटिव के 10 यूनिट, एबी निगेटिव के एक यूनिट खून बचा है। वहीं, ए पॉजिटिव बी पॉजिटिव ए निगेटिव बी निगेटिव ओ निगेटिव का एक भी यूनिट खून नही बचा है। गुरुवार को ब्लड लेने के लिए ब्लड बैंक पहुंचे मरीजों के तीमारदारों धर्मेंद्र, कलावती आदि को मायूस होकर लौटना पड़ा। ब्लड बैंक पहुंचने वाले मरीजों को बताया गया कि ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध नहीं है। कर्मचारियों ने उन्हें संबंधित ग्रुप का ब्लड लेने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर जाने की सलाह दी।